


हिन्दी दैनिक

RNINo-UPHIN/2015/63817

# मरियम टाइम्स

लखनऊ व हरदोई से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 06 अंक : 282 लखनऊ, शनिवार 19 दिसम्बर 2020 पृष्ठ : 8 मूल्य : 2/– रुपया


## संक्षिप्त समाचार

### ओडिशा में कोरोना संक्रमण के 358 नए मामले

एजेंसी
भुवनेश्वर। ओडिशा में शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 358 नए मामले सामने आए और महामारी की चपेट में आने से चार और मरीजों की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। संक्रमण के नए मामले सामने आने के साथ ही कुल मामले बढ़कर 3,25,505 हो गए और मृतकों की संख्या 1,829 पर पहुंच गई।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने ट्वीट किया, "यह बताते हुए दुख हो रहा है कि कोविड से पीड़ित चार लोगों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।" इस समय ओडिशा में कोविड–19 के 3,039 मरीज उपचाराधीन हैं और अब तक 3,20,584 मरीज ठीक हो चुके हैं। विभाग की ओर से कहा गया कि राज्य में संक्रमण की दर 4.98 प्रतिशत है।

### ममता को बड़ा झटका, विधायक शीलभद्र दत्ता ने तृणमूल कांग्रेस से दिया इस्तीफा

एजेंसी
कोलकाता। पश्चिम बंगाल में बैरकपुर के विधायक शीलभद्र दत्ता ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। पिछले 24 घंटे में तृणमूल कांग्रेस को यह तीसरा बड़ा झटका लगा है। दत्ता दो बार विधायक रह चुके हैं। दत्ता ने बताया कि उन्होंने तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी को ईमेल कर अपना इस्तीफा भेज दिया है। दत्ता के इस्तीफे से ऐसी अटकलें तेज हो गई हैं कि वह भी उन नेताओं की जमात में शामिल हो सकते हैं जो या तो भाजपा में शामिल हो चुके हैं या आगामी विधानसभा चुनाव से पहले भगवा पार्टी में शामिल होने के इच्छुक हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा, ''मुझे लगता है कि मौजूदा परिदृश्य में मैं पार्टी में फिट नहीं हो पा रहा था। लेकिन मैं विधायक पद से इस्तीफा नहीं दूंगा।'' उन्होंने कहा, ''विधायक पद से मुझे इस्तीफा क्यों देना चाहिए? मैं लोगों के वोट की बदौलत जीता हूं। अगर मैं चला जाता (इस्तीफा दे देता) हूं तो वे कहां जाएंगे?'' पिछले कुछ महीने से दत्ता चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर और पार्टी के मामलों में उनके दखल को लेकर विरोध कर रहे थे। दत्ता एक समय मुकुल रॉय के करीबी रह चुके हैं। रॉय तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। दत्ता ने तृणमूल कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ भी बयान दिया है। तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता शुभेंदु अधिकारी ने बृहस्पतिवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। इससे पहले उन्होंने राज्य सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

### 10 फीट गहरी खाई में गिरी कार

एजेंसी
छतरपुर। मध्य प्रदेश में छतरपुर जिले के चंद्रनगर थाना क्षेत्र में खजुराहो से सतना जा रही एक कार दुर्घटना 10 फीट गहरी खाई में गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो कार सामने से आ रही एक मोटर साइकिल को बचाते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दरअसल कार के सामने अचानक आई एक मोटर साइकिल से दुर्घटना को टालते हुए गैस एजेंसी चंद्रनगर के पास सड़क से उतरकर करीब 10 फिट नीचे खाई में जाकर पलट गई। कार में सवार टोनी पुत्र मोहन (38), प्रशांत पुत्र मोहन (30) खुशी पुत्री बबलू (18) तथा एकता पुत्री शंकर 25 वर्ष सभी सतना जिले के निवासी है। जिनको दुर्घटना के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रनगर में उपचार के लिए भेजा गया, जहाँ से प्राथमिक उपचार लेने के बाद सभी की छुट्टी अस्पताल से कर दी गई।

# CM योगी आदित्यनाथ करेंगे गोरखपुर के प्राणी उद्यान का लोकार्पण

संवाददाता
गोरखपुर। शहीद अशफाक उल्लाह खान प्राणी उद्यान (चिडियाघर) में चहलकदमी करते हुए वन्य जीवों को देखने का इंतजार बहुत जल्दी खत्म होने वाला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, 12 जनवरी 2021 को इसका लोकार्पण कर सकते हैं। इसकी तैयारी जोर–शोर से चल रही है। तैयारियों की समीक्षा करने के लिए मंडलायुक्त जयंत नार्लिकर ने संबंधित विभागों और जिला प्रशासन के अधिकारियों की 23 दिसंबर को बैठक बुलाई है। हालांकि पशु–पक्षियों को चिडियाघर में लाए जाने को लेकर अभी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। गोरखपुर मंडल के संयुक्त विकास आयुक्त उग्रसेन पांडेय ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को पत्र लिखकर 12 जनवरी को चिडियाघर का लोकार्पण किए जाने की संभावना जताई है। पत्र मिलने के बाद जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इससे पहले चिडियाघर के लोकार्पण की संभावित तिथि 14 जनवरी 2021 घोषित थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के



विशेष रुचि लेने की वजह से चिडियाघर का निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा था। सेंट्रल जू अथारिटी (सीजेडए) की दो सदस्यीय टीम अक्टूबर में चिडियाघर के निर्माण कार्य का दौरा करने आई थी। टीम ने निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया था। निर्माण कार्य पूरा होने की रिपोर्ट प्रेषित किए जाने के बाद सात दिसंबर को दिल्ली में हुई बैठक में सीजेडए ने चिडियाघर में वन्यजीवों को रखने की औपचारिक मंजूरी दे दी। इसके बाद से ही चिडियाघर के लोकार्पण की तैयारी शुरू हो गई थी। संयुक्त विकास आयुक्त का पत्र मिलने के बाद इसमें तेजी आ गई है। तैयारियों की समीक्षा करने के लिए मण्डलायुक्त ने 23 दिसंबर दोपहर एक बजे प्राणी उद्यान के इंट्रेंस प्लाजा में बैठक बुलाई है। बैठक में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक नगर, मुख्य वन संरक्षक, अशफाक उल्लाह खान प्राणी उद्यान के निदेशक, उत्तर प्रदेश विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता, उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता, जल निगम के मुख्य अभियंता, संयुक्त आयुक्त उद्योग, अपर निदेशक पशुपालन, उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के महाप्रबंधक, महाप्रबंधक उद्योग शामिल होंगे। मंडलायुक्त जयंत नार्लिकर का कहना है कि नए साल में चिडियाघर का लोकार्पण होना है। मुख्यमंत्री, जनता को प्राणी उद्यान का तोहफा देंगे। हालांकि लोकार्पण की अंतिम तिथि अभी निर्धारित नहीं की गई है। वन्यजीवों को विभिन्न स्थानों से लाए जाने के अलग–अलग नियम हैं। उनका लाने में इसका ध्यान रखा जाएगा। शुरुआत में 27 बाड़ों में वन्यजीव रखे जाएंगे। चिडियाघर में चल रहे काम की रोज समीक्षा की जा रही है।

## तृणमूल में बगावत के बीच दो दिवसीय बंगाल दौरे पर जाएंगे अमित शाह

एजेंसी
कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए अगले साल होने वाले चुनाव से पहले भाजपा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह



शुक्रवार रात को राज्य के दो दिवसीय दौरे पर कोलकाता पहुंचेंगे। उनका यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बगावत के दौर से गुजर रही है। कयास लगाए जा रहे हैं कि तृणमूल कांग्रेस और राज्य मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री का पद छोड़ने वाले प्रभावशाली नेता सुवेंदु अधिकारी, शीलभद्र दत्ता और जितेंद्र तिवारी जैसे तृणमूल कांग्रेस के कुछ असंतुष्ट नेता, शाह के बंगाल दौरे के दौरान भाजपा में शामिल होंगे। भाजपा नेता ने बताया कि शाह कोलकाता पहुंचने पर न्यूटाउन के होटल में रूकेंगे। उन्होंने बताया, ''शनिवार सुबह शाह का एनआईए के अधिकारियों के साथ बैठक करने का कार्यक्रम है। इसके बाद वह उत्तरी कोलकाता स्थित स्वामी विवेकानंद के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।'' भाजपा नेता ने बताया, ''इसके बाद शाह मिदनापुर जाएंगे और क्रांतिकारी खुदीराम बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और दो मंदिरों में पूजा अर्चना करेंगे।'' उन्होंने बताया कि इसके बाद गृहमंत्री एक किसान के घर में दोपहर का भोजन करेंगे और फिर मिदनापुर के कॉलेज मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा नेता ने बताया, '' ऐसी संभावना है कि तृणमूल कांग्रेस के कई नेता रैली के दौरान भाजपा में शामिल होंगे। इस रैली के बाद शाह कोलकाता वापस लौट आएंगे और यहां राज्य के नेताओं के साथ बैठक करेंगे और संगठन का जायजा लेंगे।'' अमित शाह का रविवार को शांति निकेतन स्थित विश्व भारती विश्वविद्यालय जाने और बाउल गायक के घर पर दोपहर का खाना खाने का कार्यक्रम है। भाजपा नेता ने बताया, ''इसके बाद शाह बोलपुर में रोड शो करेंगे और उसके बाद संवाददाता सम्मेलन।

## राम मंदिर निर्माण के लिए कब शुरू होगा संपर्क अभियान ?

संवाददाता
लखनऊ। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ



क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने शुक्रवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण समाज के सहयोग से साकार होगा और मंदिर निर्माण से लोगों को स्वेच्छा से जुड़ने का अभियान मकर संक्रांति से शुरू होकर माघ पूर्णिमा तक पूरा होगा। चंपत राय ने यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस अभियान में चार लाख कार्यकर्ता शामिल होंगे जिनकी एक लाख से ज्यादा टोलियाँ होंगी। राय ने कहा कि अभियान में 12 करोड़ परिवारों से संपर्क किया जाएगा जिसमें साधु संत भी भाग लेंगे। राय ने बताया, ''तीन वर्ष में मंदिर निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। मंदिर के वास्तु का दायित्व अहमदाबाद के चंद्रकान्त सोमपुरा को दिया गया है, जबकि 'लार्सन एंड टुब्रो' कम्पनी को मंदिर निर्माण का कार्य दिया गया है और निर्माता कंपनी के सलाहकार के रूप में ट्रस्ट ने 'टाटा कंसल्टेंट इंजीनियर्स' को चुना है। '' राय ने कहा कि जमीन के नीचे 200 फुट तक भुरभुरी बालू पायी गयी है और गर्भगृह के पश्चिम में कुछ दूरी पर ही सरयू नदी का प्रवाह है। इस भौगोलिक परिस्थिति में 1000 वर्ष की आयु वाले पत्थरों के मन्दिर का भार सहन कर सकने वाली मजबूत नींव के संबंध में आईआईटी बंबई, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी चेन्नई, आईआईटी गुवाहाटी, केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रुड़की, लार्सन टुब्रो व टाटा कंपनी के इंजीनियर आपस में परामर्श कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क में लाखों कार्यकर्ता गाँव और मोहल्लों में जाएँगे। उन्होंने बताया कि कि पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ट्रस्ट ने दस रुपये, सौ रुपये, एक हजार रुपये के कूपन व रसीदें छापी हैं।

## किसानों के मुद्दों का समाधान करने के लिए अनौपचारिक वार्ता जारी

एजेंसी
नयी दिल्ली। केंद्र के तीन नये कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन को खत्म करने के लिए औपचारिक वार्ता पर गतिरोध बने रहने के बीच कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि सरकार मुद्दे का समाधान करने के लिए विभिन्न किसान संगठनों के साथ अनौपचारिक चर्चा



कर रही है, लेकिन ''किसानों के कंधे पर बंदूक रख कर चलाने वाले लोगों'' से बात करने का कोई मतलब नहीं है। मंत्री ने साथ ही उम्मीद जताई कि साल समाप्त होने से पहले कोई समाधान निकाल लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार कृषक समुदाय की सभी वाजिब चिंताओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों को गुमराह करने के लिए विपक्षी पार्टियों को जिम्मेदार ठहराया और उन पर आरोप लगाया कि वे सुधार प्रक्रिया पर अपने रुख में बदलाव कर रही हैं तथा मुद्दे को राजनीतिक रंग दे रही हैं। तोमर, खाद्य मंत्री पीयूष गोयल तथा वाणिज्य राज्य मंत्री सोम प्रकाश के साथ करीब 40 किसान संघों से बातचीत में केंद्र का नेतृत्व कर रहे हैं। तोमर ने एक साक्षात्कार में कहा कि तीनों नये कृषि कानून किसानों के लिए लाभकारी हैं और सरकार लिखित में यह आश्वासन देने को तैयार है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तथा मंडी प्रणाली जारी रहेगी। हजारों की संख्या में किसान, जिनमें से ज्यादातर पंजाब एवं हरियाणा से हैं, दिल्ली की सीमाओं पर पिछले तीन हफ्ते से अधिक समय से नये कृषि कानूनों के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। गतिरोध को दूर करने केलिए तीनों केंद्रीय मंत्रियों और 40 किसान संघों के बीच कम से कम पांच दौर की औपचारिक वार्ता हुई है, लेकिन किसानों के संघ इन कानूनों को पूरी तरह से वापस लेने की मांग कर रहे हैं। गतिरोध और आगे की राह के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए तोमर ने कहा, ''हम किसानों के संघों के साथ निरंतर चर्चा कर रहे हैं ...कुल मिलाकर, हमारी कोशिश उनके साथ वार्ता के जरिए एक समाधान तक पहुंचने की है। हम वार्ता के लिए अब भी तैयार है। मैं उम्मीद करता हूं कि वार्ता के जरिए हम एक समाधान तक पहुंचने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा, ''अनौपचारिक वार्ता जारी है। मुझे उम्मीद है कोई रास्ता निकलेगा। '' यह पूछे जाने पर कि क्या उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित की जाने वाली समिति वार्ता करेगी और समाधान निकालेगी या फिर सरकार अपनी कोशिशें जारी रखेंगी, तोमर ने कहा कि सरकार ने किसान नेताओं के साथ बातचीत के लिए अपने दरवाजे खुले रखे हैं और आगे के कदम के लिए शीर्ष न्यायालय के आदेश का इंतजार करेगी। उन्होंने कहा, ''यह विषय न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय के आदेश के बाद, हम उसका अध्ययन करेंगे और कोई निर्णय लेंगे...हम न्यायालय के निर्देश का इंतजार करेंगे। '' मंत्री ने कहा कि किसानों के बारे में चिंतित किसान संघों को कृषक समुदाय की समस्याएं उठानी चाहिए ताकि सरकार एक समाधान तलाश सके। साथ ही, उन्होंने किसान संगठनों से यह भी कहा कि इन कानूनों को निरस्त करने या वापस लेने पर जोर नहीं दें, जिन्हें किसानों के फायदे के लिए लागू किया गया है।

## अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर बोलीं ममता बनर्जी, हम सांप्रदायिक समरसता में रखते हैं विश्वास

एजेंसी
कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि सभी धर्म, संप्रदाय और जाति के लोगों के अधिकारों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने ट्वीट किया, "आज अल्पसंख्यक अधिकार दिवस है। भारत अनेकता में एकता की धरती है और सभी धर्म, संप्रदाय और जाति के लोगों के अधिकारों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। हम सांप्रदायिक समरसता में विश्वास रखते हैं। एकता में बल है। विभाजित होकर हम हार जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम



बंगाल सरकार 'ऐक्यश्री' योजना चलाती है जिससे अल्पसंख्यक छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है। उन्होंने ट्वीट किया, "वर्ष 2011 से, 5,657 करोड़ रुपये की 2.03 करोड़ छात्रवृत्ति अल्पसंख्यक छात्रों को दी जा चुकी है जो देश में सर्वाधिक है।" ऐक्यश्री योजना के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के गरीब पृष्ठभूमि के छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है।

## राहुल गांधी ने एक खबर साझा करते हुए पूछा सवाल, कितने अन्नदाताओं को देनी होगी कुर्बानी ?



एजेंसी
नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन के दौरान 22 किसानों की मौत के दावे वाली खबर का हवाला देते हुए शुक्रवार को सवाल किया कि आखिर कितने अन्नादाताओं को कुर्बानी देनी होगी और ये 'कृषि विरोधी' कानून कब खत्म किए जाएंगे। उन्होंने एक खबर साझा करते हुए ट्वीट किया, ''और कितने अन्नदाताओं को कद्दुर्बानी देनी होगी? कृषि विरोधी कघनून कब खध्त्म किए जाएंगे? कांग्रेस नेता ने जो खबर साझा की उसमें कहा गया है कि दिल्ली के निकट किसानों का आंदोलन आरंभ होने के बाद अब तक 22 किसानों की मौत हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के निकट बड़ी संख्या में किसान पिछले कई दिनों प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार और किसान संगठनों के बीच कई दौर की बातचीत बेनतीजा रही है। किसान संगठनों की मांग है कि तीनों कृषि कानून वापस लिए जाएं।

## केजरीवाल का आरोप, भाजपा शासित नगर निगम में 2500 करोड़ का हुआ घोटाला

एजेंसी
नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को भाजपा शासित नगर निगमों में 2,500 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाते हुए इसे राष्ट्रमंडल खेल घोटाले से भी बड़ा बताया। दिल्ली विधानसभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि इमारतों के लिए आवश्यक अनुमति देते समय नगर निगमों में हर साल 5,000–10,000 करोड़ रुपये के घोटाले होते हैं। उन्होंने कहा, '' यह बेहद दुखद दिन है क्योंकि हम एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) में हुए सबसे बड़े घोटाले की बात कर रहे हैं। 2,500 करोड़ रुपये का घोटाला, राष्ट्रमंडल खेल घोटाले से भी बड़ा है। यहां तक कि सड़कों पर भी लोग एमसीडी में भ्रष्टाचार की बात करते हैं और वहीं लोग दिल्ली सरकार के ईमानदार होने की बात भी करते हैं। केजरीवाल ने कहा, '' इन 2,500 करोड़ रुपये का इस्तेमाल सफाई कर्मचारियों, डॉक्टरों और निगम के अन्य कर्मचारियों का वेतन देने के लिए किया जा सकता था। इसका इस्तेमाल 12,500 अस्पतालों के बिस्तर (बेड) या 7500 मोहल्ला क्लीनिक बनाने के लिए किया जा सकता था।'' आप के राष्ट्रीय संयोजक ने सदन में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी से कथित घोटाले की जांच सीबीआई से कराने के लिए दबाव बनाने को भी कहा। उन्होंने कहा, '' नगर निगम में भाजपा के 15 साल के शासन का काला युग अब समाप्त होने वाला है।



# सम्पादकीय

## यूपी की राजनीति में ओवैसी फैक्टर

बिहार विधानसभा चुनाव में 'महागठबंधन का खेल बिगाड़ने' का आरोप झेल रहे तेज–तर्रार मुस्लिम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने अब उत्तर प्रदेश और बंगाल का रुख करने का एलान किया है. ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने हाल में संपन्न बिहार चुनाव में पांच सीटें जीत कर मुस्लिम मतदाताओं के बीच अपने बढ़ते प्रभाव की धमक दूर–दूर तक सुनायी. महागठबंधन के नेताओं से लेकर कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ओवैसी ने मुस्लिम वोटों में सेंध लगा कर महागठबंधन को कमजोर और एनडीए को मजबूत किया. ओवैसी की पार्टी को बिहार में अच्छा समर्थन मिला, खास कर यूपी से लगे बिहार में. उन्होंने कुल पांच सीटें जीतीं और नीतीश की सत्ता में वापसी का एक बड़ा प्रच्छन्न कारण बने. ओवैसी बुधवार को लखनऊ में थे. उन्होंने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर से मुलाकात की और एलान किया कि वे 2022 में सुभासपा के नेतृत्व में मोर्चा बना कर चुनाव लड़ेंगे. ओमप्रकाश राजभर कुछ समय पहले तक भाजपा के साथ थे और प्रदेश सरकार में मंत्री भी रहे.लोकसभा चुनाव में अपनी उपेक्षा का आरोप लगा कर वे एनडीए से अलग हो गये थे. एक तरह से वे इस समय हाशिए पर हैं और मुख्य धारा में वापसी के लिए सहयोगियों की तलाश कर रहे हैं. बिहार विधानसभा चुनाव में वे बसपा और एआइएमआइएम के साथ मोर्चा बना कर शामिल हुए थे. उसी मित्रता को उत्तर प्रदेश में दोहराने का एलान ओवैसी लखनऊ में कर गये. उत्तर प्रदेश में ओवैसी की यह धमक नयी नहीं है. वे काफी पहले से उत्तर प्रदेश के मुस्लिम मतदाताओं का ध्यान खींचने का प्रयास करते रहे हैं. यहां करीब साठ जिलों में उनका संगठन बना है. एआइएमआइएम ने 2017 में प्रदेश का विधानसभा चुनाव लड़ा था और 38 सीटों पर 0.25 फीसदी वोट पाया था. उसके पहले भी ओवैसी उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी के पैर जमाने का प्रयास करते रहे हैं. एक बार यहां वे पंचायत चुनाव भी लड़ चुके हैं और 2017 का चुनाव लड़ने से पहले बीकापुर (फैजाबाद) विधानसभा सीट के उपचुनाव में उन्होंने अपना प्रत्याशी उतारा था. यह रोचक बाजी थी, क्योंकि बीकापुर में उन्होंने मुस्लिम प्रत्याशी की बजाय दलित उम्मीदवार उतारा था, जिसे भाजपा प्रत्याशी से कुछ ही कम वोट मिले थे. तब भी उत्तर प्रदेश में ओवैसी को नोटिस किया गया था और उन्होंने कई बार उत्तर प्रदेश का दौरा किया था. 2014 के लोकसभा चुनाव के समय भी ओवैसी यूपी का दौरा कर रहे थे. तब प्रदेश में सतारूढ़ समाजवादी पार्टी के कान खड़े हो गये थे, क्योंकि ओवैसी की सभाओं में मुस्लिम युवाओं की खासी भीड़ जुटती थी. ओवैसी मुसलमान वोटरों से कहते थे– 'पहले भाई, फिर भाजपा हराई, उसके बाद सपाई.' अर्थात मुस्लिम वोटरों के लिए सबसे पहले अपना भाई यानी मुस्लिम प्रत्याशी है, फिर वह, जो भाजपा को हरा सके और उसके बाद सपा प्रत्याशी. इसी कारण सपा सरकार ने तब ओवैसी को आजमगढ़ में सभा करने की अनुमति नहीं दी थी, क्योंकि वहां से मुलायम सिंह को चुनाव लड़ना था. कहने का आशय यह है कि ओवैसी उत्तर प्रदेश के लिए नये नहीं हैं, लेकिन इस बार बिहार में मिली सफलता ने उन्हें कहीं अधिक प्रासंगिक बना दिया है. उनकी ओर राजनीतिक दलों एवं विश्लेषकों का ध्यान जाना स्वाभाविक है. उत्तर प्रदेश में भाजपा मजबूत पायदान पर खड़ी दिखती है. सपा और बसपा के पैर उखड़े हुए हैं. पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में इन दोनों दलों को बुरी हार देखनी पड़ी. लोकसभा चुनाव तो सपा–बसपा ने मिल कर लड़ा, लेकिन वे भाजपा के वर्चस्व को तोड़ नहीं सके थे. इस आधार पर अभी यही लगता है कि ओवैसी सेकुलर दलों के लिए यूपी में उतना बड़ा खतरा साबित नहीं होंगे, जितना वे बिहार में हुए. बिहार में दोनों गठबंधनों में कांटे की टक्कर थी. ओवैसी की मौजूदगी ने एनडीए के पक्ष में पलड़ा झुकाने में मदद की. महागठबंधन ने तो यहां तक आरोप लगा दिया कि ओवैसी ने भाजपा से धन लेकर महागठबंधन को हराने का सौदा किया. उत्तर प्रदेश में अभी भाजपा के खिलाफ बिहार जैसा कोई मजबूत गठबंधन नहीं है और निकट भविष्य में बनने के आसार भी नहीं दिखाई देते. सपा ने अकेले लड़ने की घोषणा कर दी है. बसपा दूसरे राज्यों में तो कुछ दलों से गठबंधन कर लेती है, लेकिन उत्तर प्रदेश में वह किसी को भागीदार नहीं बनाना चाहती. बिहार में वह ओवैसी के साथ एक मोर्चे में थी, लेकिन यूपी में संभावना नहीं है कि वह ओवैसी के साथ गठबंधन करेगी. ओवैसी ने भी लखनऊ में ऐसा कोई संकेत नहीं दिया. शिवपाल की पार्टी के बारे में भी वे निश्चय से कुछ नहीं कह सके, लेकिन एक बात नोट की जानी चाहिए और यह बिहार के नतीजों ने भी साबित किया कि तेज–तर्रार ओवैसी के आक्रामक भाषणों ने मुसलमानों की युवा पीढ़ी को विशेष रूप से प्रभावित किया है. वे कहते हैं कि मुसलमानों की अपनी पार्टी और अपने नेता ही उनका वास्तविक भला कर सकते हैं. बाकी पार्टियां मुसलमानों में भाजपा का डर पैदा कर, उनकी सुरक्षा के नाम पर उनके वोट लेती रही हैं और खुद सत्ता का भोग करती रही हैं. ओवैसी उन सभी पार्टियों को अपने लिए खतरा लगते हैं, जिन्हें अब तक मुस्लिम मतदाताओं का अच्छा समर्थन मिलता रहा है. इनमें उत्तर प्रदेश के अखिलेश यादव (पहले मुलायम), बिहार के लालू (अब तेजस्वी) और बंगाल की ममता बनर्जी भी शामिल हैं. यह अकारण नहीं है कि ममता बनर्जी ओवैसी पर भाजपा को चुनाव जिताने की सौदेबाजी करने का आरोप बार–बार दोहरा रही हैं. ओवैसी बंगाल चुनावों में शामिल होने का इरादा जता चुके हैं. वहां भी उनको मिलने वाले वोट सेकुलर दलों, विशेषकर ममता बनर्जी के खाते से कटेंगे और भाजपा को लाभ पहुंचायेंगे. उत्तर प्रदेश में ओवैसी और राजभर की पार्टियों का मोर्चा भाजपा का मुकाबला करने की स्थिति में तो नहीं है, बल्कि इसके उलट वह सेकुलर दलों, विशेष रूप से सपा–बसपा के वोट काट कर भाजपा की मदद ही करेगा. यह हमारी चुनावी राजनीति की विद्रूपता ही कही जायेगी कि ओवैसी जिस भाजपा को हराने का इरादा रखते हैं, प्रकारांतर से उसी की मदद कर बैठते हैं.

# ताजमहल पर पति के साथ खिंचाई फोटो ने प्रेमी प्रेमिका को पहुंचाया सलाखों के पीछे

### – शादी के बाद भी प्रेमी को नहीं भूल पाई पूनम, पति को उतार दिया मौत के घाट

### – पति के साथ आगरा घूमने आई पूनम का पीछा कर रहा था प्रेमी

रवि पाल

मथुरा। ताजमहल पर पति के साथ खिंचाई फोटो ने पूनम को उसके प्रेमी के साथ सलाखों के पीछे पहुँचा दिया। 16 दिसम्बर की सुबह यमुना एक्सप्रेस वे के राया कट की झाडियों में एक युवक का शव पड़ा मिला था। शव की हालत ऐसी थी कि पहचान संभव नहीं थी। सिर और चेहरे को इस तरह कुचल दिया गया था कि पहचान ही न हो सके। शव के पास पडे बैग से पुलिस को एक फोटो मिला था। फोटो में एक युवक और युवती ताजमहल के सामने खडे थे। इसी फोटो के सहारे पुलिस ने इस हत्या का खुलासा कर दिया। मथुरा पुलिस फोटो को लेकर आगरा पहुँची और कुछ मोबाइल नम्बर जुटाये।, जिनके आधार पर पुलिस ने मृतक युवक शिव कुमार की पत्नी पूनम तथा उसके प्रेमी संदीप कुमार को राया क्षेत्र के गांव गजू के पास से गिरफ्तार कर लिया। मृतक शिव कुमार की शादी कुछ ही महीने पहले ग्राम गोरोला थाना टप्पल जिला अलीगढ में पूनम के साथ हुई थी। पूनम का अपने ही गांव के युवक संदीप के साथ शादी के पहले से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शादी के बाद भी वह अपने प्रेमी को भुला नहीं पाई। पति शिव कुमार के साथ ताजमहल घूमने के दौरान ही उसे रास्ते से हटाने की योजना पूनम ने अपने पति संदीप के साथ बना ली थी। शिव कुमार और पूनम के पीछे संदीप भी साये की तरह लगा रहा। राया कट पर जब दोनों उतरे तो शिव कुमार को पूनम और संदीप कट के नीचे झाडियों में ले गये और भारी पत्थर से कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। इस केस में मृतक की पहचान सबसे बड़ी चुनौती थी। मृतक के बैग से एक फोटो मिला था। फोटो ताजमहल पर खिंचाया गया था। इसी के आधार पर जाँच को आगे बढ़ाया गया। हत्या के आरोप में मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



## जिला पंचायत सदस्य द्वारा कम्बल वितरित किये गये

### कड़ाके की सर्दी व शीतलहर में कम्बल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर आई मुस्कान

कछौना(हरदोई)। शुक्रवार को जिला पंचायत सदस्य रीता देवी पत्नी सुरेंद्र कुमार द्वारा उनके निज निवास ग्राम कुकुही में जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किये गये। कम्बल पाकर मुंशीलाल राठौर, गुड्डू, कन्हई, अब्दुल, सलीम, लतीफ, नसरीन, फातिमा, रामकुमारी, लीलावती आदि जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर डॉ. दीपक भारती प्रतिनिधि, रामचंद्र, पप्पू आदि मौजूद रहे।



## वेंडिंग जोन के दुकानदारों ने ठेकेदार की भ्रष्टाचारी से तंग आकर नगरपालिका का किया घेराव

### उन्नाव,वेंडिग जोन मार्केट में ठेकेदारों की घोर भ्रष्टाचारी आई सामने





शिवम सिंह उन्नाव

उन्नाव, शहर के बड़े चौराहे के निकट पुराना अस्पताल रोड पर जो पटरी और घूमटी वाले दुकानदारो को नगर पालिका द्वारा लोहे की दुकाने बनाकर प्रति दुकानदार को दुकान देने की बात कही थी और ठेकेदारों ने प्रति दुकान के हिसाब से प्रति दुकानदार से 1 लाख 35000 हजार किसी से एक लाख 40 हजार रूपए की वसूली की गई लेकिन यहां वेंडिंग जोन में कई ऐसे दुकान पात्र व्यक्ति हैं जिन्होंने ठेकेदारों को पैसे तो दे दिए लेकिन उनको अभी तक दुकाने नहीं दी गई जिसको लेकर दुकानदारों ने नगर पालिका का घेराव किया दुकानदारों का यह भी कहना है दुकानें सिर्फ जो यहां के पटरी दुकानदारो को देने के लिए कहा गया था लेकिन यहां पर ठेकेदारों ने दुकान पात्रों को दुकान ना देकर कई ऐसे वकील हैं जिनका पैसा वकालत करना है उन वकीलों को ठेकेदारों ने दुकान दे दी गई है और कई बाहर के व्यक्ति भी है उनको ठेकेदारों ने पैसा खाकर उन व्यक्तियों को भी दुकानें दी है जबकि बाहर के व्यक्तियों को दुकान देने का आदेश नहीं था और वह व्यक्ति दुकानों का अच्छी कीमत से बेचने का कार्य करेंगे जिससे यहां के काफी दुकानदारों में रोष व्याप्त है ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत से वेंडिंग जोन मार्केट में भ्रष्टाचारी का जमकर खेल खेला जा रहा है। जिससे त्रस्त होकर जल्द ही यहां के दुकानदार वेंडिंग जोन मार्केट की निष्पक्ष जांच कराने के लिए जिला अधिकारी को शिकायत पत्र देने के लिए बाध्य होंगे। इसके बारे में जब व्यापार मंडल अध्यक्ष से बातचीत की गई उन्होंने कहा ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत से भ्रष्टाचारी का खेल जमकर खेला गया है हम जल्द ही जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र देकर वेंडिंग जोन मार्केट की निष्पक्ष जांच कर आऊंगा।

## चौकीदारों की समस्या का समाधान कराएंगे राजवर्धन सिंह राजू

आज मिशन आत्म संतुष्टि के कार्यालय पर समाजसेवी राजवर्धन सिंह राजू जी से मिलने के लिए जनपद के समस्त थानो के चौकीदारों का एक प्रतिनिधि मंडल नटवीर पुलिया आया उनकी मूलभूत समस्याओं को लेकर वह काफी व्यथित दिखे उनको सरकार द्वारा जारी उनकी वर्दी,टार्च,साईकिल व मोबाइल रिचार्ज नही मिल रहा व थानो मे उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है थाने मे बंद बंदियों की गंदगी भी साफ कराई जाती है झाडू लगवाई जाती है व तरह तरह की बेगार कराई जाती है जो कि पूरी तरह से मानवाधिकारों का हनन है. समाजसेवी ने सीघ्र जिलाधिकारी से मिलकर इनकी समस्याओं का निस्तारण कराने का अश्वाशन दिया. जिसमे प्रमुख रूप से सतगुरू, महेन्द्र, इरशाद, रमाकांत, श्यामपाल, प्रमोद कुमार सहित तमाम चौकीदार मौजूद रहे.




## जानलेवा हुई सर्दी, राया में एक की मौत

### – सुबह थाने के पास पड़ा मिला शव

मथुरा। सर्दी जानलेवा हो गई है। रात का तापमान लगातार नीचे खिसकता हुआ शून्य की ओर बढ रहा है। ऐसे में खुले में रात गुजार रहे लोगों के लिए सर्दी अब जानलेवा होती जा रही है। खुले में रात गुजार रहे लोगों की मदद को भी कुछ हाथ बढने लगे हैं। हालांकि नगर निकायों में अभी भी रैनबसेरा और अलाव की समुचित व्यवस्था न होना लोगों को खल रहा है। रात में अलाव ही बेसहारा और मजबूरी में घिरे लोगों का सहारा रहता है। कस्बा राया में हाथरस मथुरा मार्ग पर शुक्रवार सुबह एक साधुवेष धारी वृद्ध की मौत हो गयी। बताया जाता है साधुवेष धारी जो हाथरस का बताया जा रहा है, अनुमानित वह हाथरस जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था। प्रत्यदर्शियों द्वारा बताया गया उक्त वृद्ध सड़क किनारे कहीं जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़ा जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सूरज प्रकाश शर्मा एसएसआई धर्मेंद कुमार कस्बा प्रभारी अजय अवाना घटनास्थल पर पहुँच गए। और बेसुध पड़े साधु को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया। वहीं साधु की शिनाख्त हेतु उसकी तलाशी ली। जिसमें उसके पास पहचान पत्र मिला है जिसके आधार पर उसका नाम निरंजन सिंह निवासी हाथरस लिखा है। वृद्ध के कपडों से एक मोबाइल और कुछ रुपए मिले हैं। पुलिस ने उपचार के लिए साधु को जिला अस्पताल पहुँचाया। जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथ ही थाना प्रभारी निरीक्षक सूरज प्रकाश शर्मा ने बताया साधु के पास से मिले मोबाइल से उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

सोमवार से होगा शासन की ओर से कंबलों का वितरण

सर्दी का सितम अपने चरम पर पहुंच रहा है। वहीं शासन स्तर से भी इस मौसम में जरूरतमंदों को मदद के लिए प्रयास शुरू हो गये हैं। एसडीएम महावन ने बताया कि शासन को एक हजार कंबलों की डिमांड भेज दी गई है। किन्हें दिये जाने हैं यह सूची भी तैयार की जा रही है। सोमवार से कंबलों का वितरण शुरू किया जायेगा।

## तेजप्रताप यादव बने सपा के जिला महासचिव, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

मनोज चाहर

आगरा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा तेजप्रताप यादव को आगरा का जिला महासचिव नियुक्त किया है। जिला महासचिव बनने की सुनने पर सपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं का पहुंचना शुरू हो गया। और युवा नेता तेजप्रताप यादव का भव्य स्वागत किया। वहीं तेजप्रताप यादव ने पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए कहा कि आलाकमान ने मुझ पर विश्वास जताते हुए आगरा के जिला महासचिव पद की जिम्मेदारी मुझे दी है। उनके विश्वास को कायम रखते हुए आगरा में, मैं समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करूँगा। वहीं आगामी 2022 में प्रदेश में सपा की सरकार बने उसके लिए तन मन धन से कार्य करूंगा। और आलाकमान के इस विश्वास को हमेशा कायम रखने का कार्य भी करूँगा। वहीं आगरा के सपा कार्यकर्ताओं को साथ लेकर कंधे से कंधा मिलाकर उनके मान–सम्मान का भी ख्याल रखूँगा। तेज प्रताप यादव ने यह भी कहा कि आगरा की जनता के लिए मैं तन मन धन से हर समस्या के लिए उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे खड़ा रहूँगा।



## जानलेवा हुई सर्दी, रात में एक की मौत

### – सुबह थाने के पास पड़ा मिला शव

संवाददाता

मथुरा। सर्दी जानलेवा हो गई है। रात का तापमान लगातार नीचे खिसकता हुआ शून्य की ओर बढ रहा है। ऐसे में खुले में रात गुजार रहे लोगों के लिए सर्दी अब जानलेवा होती जा रही है। खुले में रात गुजार रहे लोगों की मदद को भी कुछ हाथ बढने लगे हैं। हालांकि नगर निकायों में अभी भी रैनबसेरा और अलाव की समुचित व्यवस्था न होना लोगों को खल रहा है। रात में अलाव ही बेसहारा और मजबूरी में घिरे लोगों का सहारा रहता है।

कस्बा राया में हाथरस मथुरा मार्ग पर शुक्रवार सुबह एक साधुवेष धारी वृद्ध की मौत हो गयी। बताया जाता है साधुवेष धारी जो हाथरस का बताया जा रहा है, अनुमानित वह हाथरस जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था। प्रत्यदर्शियों द्वारा बताया गया उक्त वृद्ध सड़क किनारे कहीं जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था।

अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़ा जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सूरज प्रकाश शर्मा एसएसआई धर्मेंद कुमार कस्बा प्रभारी अजय अवाना घटनास्थल पर पहुँच गए। और बेसुध पड़े साधु को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया। वहीं साधु की शिनाख्त हेतु उसकी तलाशी ली। जिसमें उसके पास पहचान पत्र मिला है जिसके आधार पर उसका नाम निरंजन सिंह निवासी हाथरस लिखा है। वृद्ध के कपडों से एक मोबाइल और कुछ रुपए मिले हैं। पुलिस ने उपचार के लिए साधु को जिला अस्पताल पहुँचाया। जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथ ही थाना प्रभारी निरीक्षक सूरज प्रकाश शर्मा ने बताया साधु के पास से मिले मोबाइल से उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

सोमवार से होगा शासन की ओर से कंबलों का वितरण

सर्दी का सितम अपने चरम पर पहुंच रहा है। वहीं शासन स्तर से भी इस मौसम में जरूरतमंदों को मदद के लिए प्रयास शुरू हो गये हैं। एसडीएम महावन ने बताया कि शासन को एक हजार कंबलों की डिमांड भेज दी गई है। किन्हें दिये जाने हैं यह सूची भी तैयार की जा रही है। सोमवार से कंबलों का वितरण शुरू किया जायेगा।

## टोल मैनेजर की माफीनामा के बाद मामला रफा–दफा

शिवम सिंह

उन्नाव। बृहस्पतिवार को लखनऊ को जाते समय नवाबगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष के साथ टोल कर्मचारी द्वारा अभद्रता का मामला संज्ञान में आया था क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता क्षेत्रीय विधायक का भी अपने कार्यकर्ता को सहयोग मिला था परिणाम स्वरूप शुक्रवार को कोतवाली अजगैन में टोल मैनेजर द्वारा माफीनामा के बाद अभद्रता के प्रकरण में सुला समझौता हो गया प्राप्त जानकारी अनुसार आगे से क्षेत्रीय लोगों से टोल कर्मचारी बेहतर बर्ताव करेंगे सुलह समझौता के दौरान टोल मैनेजर ने यह बातें भी मानी !

# पाठशाला द ग्लोबल स्कूल को मिली सी.बी.एस.ई की मान्यता

कछौना(हरदोई)। पाठशाला द ग्लोबल स्कूल कहली तेरवा गौसगंज हरदोई को मान्यता मिलने के बाद विद्यालय शिक्षा जगत में तन्मयता से अपनी सेवाएं देने में तत्पर है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. गार्गी श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय को माध्यमिक स्तर तक की सी.बी.एस.ई. की मान्यता मिल चुकी है जिससे अब स्कूल ने बच्चों का भविष्य सँवारने की ओर एक और कदम बढ़ा दिया है। विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य गढ़ने की दिशा में माननीय इंजी. अवनीश कुमार सिंह अध्यक्ष पाठशाला द ग्लोबल स्कूल एवं नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य स्नातक क्षेत्र तथा स्कूल की प्रबंधिका श्रीमती रितु सिंह जी के कठोर परिश्रम और सतत प्रयास का एक और प्रतिफल है। यह विद्यालय उन सपनों की भूमि है जिसमें हर बच्चे को अंग्रेजी माध्यम से अच्छी शिक्षा प्रदान की जाती है। शिक्षकों की कड़ी मेहनत व अभिभावकों का असीम विश्वास ही है जो विद्यालय को हर दिन नई ऊँचाइयों पर ले जा रहा है।

आगे की जानकारी देते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अवगत कराया कि वर्तमान में अंग्रेजी युगीन शिक्षा का सर्वोपरि स्थान है और इसको दृष्टिगत रखते हुए हमारा विद्यालय निरंतर नए आयामों को प्राप्त करेगा। आगे बताया कि विद्यालय में आधुनिक युगीन शिक्षा प्रदान करने के लिए वह सभी नवीन सामग्रियाँ उपलब्ध हैं जिसमें स्मार्ट बोर्ड कक्ष, कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, सभागार, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला आदि जिससे बच्चों को शिक्षित किया जाता है। विद्यालय के शिक्षकों की बात करें तो सभी शिक्षक सी.बी.एस.ई. के मानकों के मापदंड पर खरे उतरते हैं। प्रधानाचार्या ने बताया कि सभी शिक्षक प्रशिक्षित, अनुभवी तथा गुणी हैं उनका चयन तभी किया जाता है जब वह सी.बी.एस.ई. के मापदण्ड को पार करते हैं। विद्यालय में ऐसे वातावरण का निर्माण किया गया है जिसमें बालक स्वेच्छानुसार विद्यालय आने के लिए तैयार हों। विद्यालय का उद्देश्य बालक के चरित्र निर्माण तथा हर उस क्षेत्र को विकसित करना है जिससे कि बालक हर परिस्थिति में स्वयं को समायोजित कर सके चूंकि विद्यालय का आदर्शवाक्य यथा श्सर्वगुण सम्पन्नश इसी को दृष्टिगत रखते हुए रखा गया है कि बालकों के शैक्षिक व सामाजिक विकास के लिए हर प्रकार की शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यालय पाठ्यक्रम तथा पाठ्यसहगामी क्रियाओं यथा खेल शिक्षण, शिल्प एवं काष्ठकला शिक्षण, संगीत गायन शिक्षण, कला शिक्षण का



समन्वय भी रखता है।

विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि हमारे लिए यह खुशी का क्षण है। स्कूल आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। हमारा विद्यालय छात्रों के विकास के लिए हर प्रकार की शिक्षण सामग्रियाँ उपलब्ध कराता है जिससे कि हम सभी शिक्षक बच्चों को विषय से संबंधित पाठ्य को समझाने में असहज महसूस न करें। आस–पास से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के लोगों ने हमेशा ही विश्वास के साथ विद्यालय को सराहा है विद्यालय की इस उपलब्धि के लिए वे सभी खुश हैं क्योंकि उनके बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा के लिए अपने क्षेत्र से पलायन नहीं करना पड़ेगा। सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ऐसा विद्यालय होना क्षेत्र के लिए एक गौरव का विषय है जिसमें हर




वह सामग्री उपलब्ध हैं जिससे बच्चों को हर प्रकार की शिक्षा दी जा सकती है।

कछौना (हरदोई)। योगी सरकार जहां एक तरफ जीरो टॉलरेंस भ्रष्टाचार मुक्त का दावा कर रही है। वहीं विभागीय अधिकारी भ्रष्टाचार में दीमक की तरह जकड़े हैं। बेसिक शिक्षा विभाग में गरीब बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए मुफ्त स्वेटर वितरण योजना संचालित हैं। जिससे नौनिहालों को ठंड से राहत मिल सके। लेकिन इन माफियाओं को गुणवत्ता से नहीं कमीशन से मतलब है। विभागीय अधिकारियों ने नौनिहालों के हक पर डाका डालने की पूरी रूपरेखा बना ली थी। शासन स्तर से विकास खण्ड कछौना को पंजीकृत छात्रों की संख्या 16000 के स्थान पर 13000 स्वेटर यूपीका कंपनी की तरफ से भेजे गए थे, जो जिला स्तर से गठित कमेटी तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी के सत्यापन में अधोमानक पाए गए। एक स्वेटर की कीमत 200 रुपये निर्धारित की है। फर्म स्वंय स्वेटर तैयार न करके थोक में फर्जी स्वेटर खरीद कर वितरण करने की फिराक में थी। सत्यापन में नाप व वजन दोनों अधोमानक पाये गये। वितरण के लिए 30 नवंबर तारीख निर्धारित की गई थी। सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कड़ा फैसला लेते हुए विकास खण्ड कछौना में खराब स्वेटर को वापस किए जाने का निर्देश दिया है। गुणवत्ताहीन स्वेटर अधोमानक स्वेटर वितरण आपूर्ति कर्ता फॉर्म को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। भ्रष्टाचार के चलते नौनिहाल बच्चे इस कड़कड़ाती ठंड में छोड़ने को विवश हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया गुणवत्ता की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। मानकों का पालन न करने वाली फर्म के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी।

# इनाम के सहारे आगरा पुलिस

मनोज चाहर

आगरा। बदमाशों पर नकेल कसने में नाकाम आगरा पुलिस अब इनाम के सहारे बदमाशों को पकड़ने की जुगत लगा रही है। यही वजह है कि आगरा पुलिस ने बैंक लूट कांड के गुनाहगारों की बावत जानकारी देने वाले को एक लाख का ईनाम देने की घोषणा की है। बता दें कि आगरा पुलिस को अब अपने मुखबिर तंत्र पर नहीं बल्कि पब्लिक की जानकारी पर भरोसा है। यही वजह है कि आगरा एडीजी जोन अजय आनंद ने बदमाशों की बावत जानकारी देने वाले को एक लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। इतना ही नहीं आगरा पुलिस पर एक और सवाल खड़ा हो गया है। एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बदमाश लूट के बाद बाइक को धक्का मारते नजर आ रहे हैं, जाहिर सी बात है लूट कांड के बाद भागने में समय लगा होगा। लेकिन आगरा पुलिस आराम परस्ती में मशगुल थी और बदमाश आसानी से फरार हो जाने में कामयाब रहे। ज्ञातव्य है कि 15 दिसम्बर को इंडियन ओवरसीज बैंक में चार शातिर हथियार बंद बदमाशों ने 58 लाख की लूट की वारदात को अंजाम दिया था। लूटकांड के तीन दिन बाद भी आगरा पुलिस के हाथ खाली हैं। हालाँकि डेमेज कंट्रोल के लिए एसएसपी आगरा ने बिंदु कटरा चौकी इंचार्ज नीरज कुमार शर्मा और दो आरक्षियों को सस्पेंड कर दिया है। अब न जाने पुलिस की कौनसी युक्ति इस लूटकांड का खुलासा करेगी?

# नीलामी से पहले एआरएम ने किया राया बस स्टेण्ड का निरीक्षण

## – मथुरा जनपद के चार बस स्टैण्डों की होनी है नीलामी

संवाददाता

मथुरा। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने शुक्रवार को राया बस स्टैण्ड का निरीक्षण किया। राया बस स्टैण्ड मथुरा जनपद के उन चार बस स्टैण्डों में शामिल है जिन्हें विभाग की संस्तुति पर सरकार ने नीलामी के लिए चुना है। एआरएम ने अपने अधीनस्थों के साथ राया बस स्टैंड का निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ कमियां पाए जाने पर उन्हें पूर्ण करने के लिए अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। शुक्रवार अपराह्न उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश गुप्ता ने अपने अधीनस्थों के साथ राया बस स्टैंड का



औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड परिसर में साफ सफाई, स्टाफ रूम, बिजली पानी आदि की समुचित व्यवस्था का जायजा लिया। बातचीत में उन्होंने कहा कि जाम के चलते राया बस स्टेण्ड के अंदर रोडवेज की बसें नही आ पा रही थी। जल्द ही गाड़ियाँ बस स्टैंड के अंदर से यात्रियों के आवागमन हेतु शुरू की जायेंगी। इस दौरान उनके साथ सहायक यातायात निरीक्षक नवनीत कुमार और सुरक्षा गार्ड मोनू गौतम मौजूद रहे।

# गरीब, असहाय एवं जरूरत मंद लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने हेतु पर्याप्त व्यवस्था करें– डी0एम0

हरदोई। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने चल रही शीत लहरी के कारण भीषण ठंड में सड़क किनारे एवं अन्य स्थानों पर खुले में पड़े गरीब, असहाय, मजबूर एवं जरूरत मंद लोगों की परेशानी के दृष्टिगत उन्हें राहत पहुंचाने के लिए विगत 17 दिसम्बर 2020 की सायं समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि ऐसे लोगों को ठंड से बचाने के लिए रैन बसेरों की व्यवस्थायें देखने के साथ खुले में पड़े लोगों को रैन बसेरा तक पहुंचाने की व्यवस्था भी करायें और बस स्टाप एवं भीड़–भाड़ वाले चौराहों पर अलाव जलवाने के साथ रात में कम्बल वितरण करें। देर सायं प्राप्त जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी शाहाबाद अतुल प्रकाश श्रीवास्तव, बिलग्राम कपिल देव यादव, सवायजपुर दीपक कुमार वर्मा तथा सण्डीला में तहसीलदार सण्डीला ने 17 दिसम्बर की रात्रि ही अपने–अपने क्षेत्रों को भ्रमण किया तथा रैन बसेरों की व्यवस्थायें देखने के साथ बस स्टाप, रेलवे स्टेशन एवं मुख्य–मुख्य चौराहों आदि स्थानों पर अलाव जलवाये और कम्बल वितरण किया। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी सदर लक्ष्मी एन ने भी रोडवेज बस स्टाप, रेलवे स्टेशन के अलावा नगर के विभिन्न चौराहों का भ्रमण कर गरीब, असहाय लोगों को कम्बल वितरण किया तथा ठंड से कांप रहे एक वृद्ध को अपने हाथों से कम्बल ओढ़ाया और रैन बसेरा तक पहुंचाने की व्यवस्था की।





# औषधि विभाग की छापेमारी कार्यवाही, जब्त किये प्रतिबंधित इंजेक्शन

मनोज चाहर

आगरा। औषधि विभाग ने शुक्रवार को कस्बा शमसाबाद में ऑक्सीटॉसिन बिक्री की सूचना मिलने पर छापेमार कार्यवाही की। शमशाबाद पहुँची टीम पहले सीताराम किराना स्टोर पर पहुँची, लेकिन टीम को वहाँ पर कुछ नहीं मिला। उसके बाद औषधि विभाग की टीम नयाबास चौराहे पर दो दुकानों पर पहुँच गई और छापेमार कार्यवाही की। जहाँ टीम को ऑक्सीटॉसिन इंजेक्शन के डिब्बे मिले। टीम को योगेश डेली नीड्स की दुकान से 11 डिब्बे और मुन्ना लाल मिर्च के यहां से 12 डिब्बे मिले। ये इंजेक्शन प्रतिबंधित है बाबजूद इसके इनकी बिक्री की जा रही थी फिलहाल टीम विधिक कार्रवाई करने में जुटी है। सहायक आयुक्त, औषधि विभाग अखिलेश कुमार जैन ने मामले में जानकारी दी।





# तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे किसान को रौंदा, मौके पर मौत

मनोज चाहर

आगरा। जनपद के थाना बसई अरेला क्षेत्र के अंतर्गत आगरा–बाह मार्ग पर स्हाईपुरा के पास खेत से लौट रहे किसान को तेज रफ्तार से आ रही ऑल्टो कार ने अपनी चपेट में लेकर रौंद दिया। आनन–फानन में पुलिस ने एंबुलेंस द्वारा घायल किसान को आगरा भिजवाया, जहाँ चिकित्सकों ने किसान को मृत घोषित कर दिया, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया है।

जानकारी के अनुसार थाना बसई अरेला क्षेत्र के अंतर्गत गांव स्हाईपुरा निवासी किसान रामवीर पुत्र परमाल सिंह उम्र करीब 52 वर्ष गुरुवार देर शाम अपने खेत पर गेहूं की फसल में ट्यूबेल से सिंचाई करने गए थे। रात्रि करीब 9 बजे घर लौट रहे थे, तभी आगरा बाह मार्ग पर सड़क पार करते समय बाह की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही एक ऑल्टो कार ने किसान को अपनी चपेट में लेकर रौंद दिया। जिससे किसान गंभीर घायल हो गया ग्रामीणों ने घेराबंदी कर कार और चालक को मौके पर पकड़कर पुलिस को सूचित किया, मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायल किसान को एंबुलेंस द्वारा इलाज के लिए आगरा भिजवाया। जहाँ देर रात्रि निजी अस्पताल में चिकित्सकों ने किसान को मृत घोषित कर दिया, किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया पुलिस ने मृतक किसान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस द्वारा कार और चालक को कब्जे में लेकर मृतक के पुत्र की तहरीर पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

# सभी जिलों में पंचायत चुनाव लड़ेगी आप: प्रदेश अध्यक्ष

## – किसानों के साथ इतना अत्याचार कभी नहीं हुआ: त्यागी
## – किसान आंदोलन को बदनाम करने की भाजपा कर रही कोशिश

रवि पाल

मथुरा। आम आदमी पार्टी पंचायत चुनावों में खुद को परखेगी और इसके बाद विधान सभा चुनावों में पूरे दमखम के साथ उतरेगी। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी की रणनीति से कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को अवगत करा दिया है। आम आदमी पार्टी मथुरा इकाई का





पार्टी विस्तार सम्मेलन आकाश गार्डन अशोक विहार कॉलोनी में हुआ। पार्टी पदाधिकारियों ने दावा किया है कि रालोद, सपा, बसपा, कांग्रेस और भाजपा से जुड़े रहे कार्यकर्ताओं ने बडी संख्या में आम आदमी पार्टी के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हुए पार्टी का दामन थामा है। इनमें सामाजिक संगठनों से जुडे लोग भी शामिल हैं। आम आदमी पार्टी में शामिल होने वालों में महिलाओं की संख्या अच्छी खासी थी। इन सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने पटुका और पार्टी की टोपी पहना कर आप में स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहाकि राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल की घोषणा है कि 2022 में होने जा रहे विधान सभा चुनावों में आम आदमी पार्टी सभी सीटों पर चुनाव लडेगी। पंचायत चुनावों में भी सभी जिलों में पार्टी अपने प्रत्याशी उतारेगी। उन्होंने कहाकि जिन कृषि कानूनों का किसान विरोध कर रहे हैं। वह कानून किसानों को कंगाल बना देंगे। किसानों के लिए यह काले कानून हैं। आम आदमी पार्टी पूरी तरह से किसानों के साथ खडी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि किसानों के समर्थन में सभी कार्यकर्ता जुट जायें। सम्मेलन को प्रदेश सचिव विजय पटेल और किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश त्यागी ने भी संबोधित किया। दोनो नेताओं ने कहा कि किसानों के ऊपर कडकडाती ठंड में पानी की बौछार की गई। आंसू गैस के गोले छोड़े गये। लाठियों से किसानों की हड्डियाँ तोडी गईं। किसानों के साथ इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ। किसान आंदोलन को भाजपा बदनाम कर रही है जबकि किसान आंदोलन की ताकत लगातार बढ रही है। सम्मेलन में ऐड. अजय गौतम, रवि प्रकाश भारद्वाज, सुरेश कुमार सैनी, रूपा लवानियां, जुबेर खान, राजू कपूर, प्रवेश सिंह, आदेश शर्मा, मुहम्मद इरफान कुरैसी, नीरज शर्मा, संजय परमार, भूरा चौधरी आदि मौजूद रहे।

# कौन है जिम्मेदार ? गुरबक्शगंज के बींझ कोन्सा गांव में हरे पेड़ों की अवैध कटान को लेकर

संवाददाता

रायबरेली – हरे पेड़ों की कटान पर अभी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। लेकिन गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के बींझ गाव(कोन्सा) में चल रहा है सीसम के हरे पेड़ों पर आरा बेधड़क चल रहे है । हरे पेड़ो और प्रतिबंधित पेड़ो के कटान पर समस्त आदेशो को ठेंगा दिखाने का काम स्थानीय पुलिस और वन विभाग की टीम मिलकर कर रही है। पुलिस विभाग के सामने ही आरो से पेड़ों की कटान जारी रहती है और आश्चर्यजनक बात तो यह है कि वन विभाग और पुलिस विभाग दोनों को ही नहीं पता होता है कि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अपराधिक कृत्य हो रहा है । जबकि लकडी के ठेकेदार पेड़ों को जड़ सहित काटकर फेंक देते हैं। वन विभाग की टीम कहती है कि उनके पास पुलिस बल और सूचना के माध्यम कम रहते हैं। इसलिए जानकारी नहीं हो पाती है । वहीं पुलिस विभाग जो हर सुविधाओं से युक्त रहती है उसे भी लकड़ी ठेकेदारों द्वारा ली जा रही पेड़ो जानो की जानकारी नहीं हो पाती है। यह बात स्थानीय लोगों के गले से नीचे नहीं उतर रही है लोगों का कहना है पुलिस चाहे तो कोई भी अपराध नहीं हो सकता है। इसका नजारा उसने लॉकडाउन के दौरान दिखाया था । परंतु आज क्या कारण है कि अपराधी और अपराधिक कृत्य लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

# मोदी सरकार की कृषि नीति ने किसानों की रोजी रोटी डाला खतरे में : सपा

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश हरदोई



समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल ने सुरसा ब्लाक के हथिआई, गोसवा हड़हा, गंगापुर खजूरमई गांव में किसानों के समर्थन में समाजवादी चौपाल लगाकर किसानों को संबोधित किया समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने एम एस पी खत्म करके किसानों की रोजी रोटी खतरे में डाल दी है उन्होंने कहा मोदी सरकार ऐसा कृषि कानून लेकर आई है जिससे बिचौलिये मजबूत होंगे किसान कमजोर होगा पैसे वाले लोग किसानों की फसल औने पौने दाम पर खरीदेंगे उन्होंने कहा कि मोदी योगी जी की सरकार को किसानों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है सरकार किसानों की बात न सुनकर किसानों पर जबरन ऐसा कानून लाद रही जिससे किसान बर्बाद हो जाएंगे मोदी सरकार पूंजीपतियों की सरकार है योगी सरकार ने किसानों के गन्ने का 16 हजार करोड़ बकाया भुगतान नहीं है सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि कि मोदी सरकार को किसान हित में किसान विरोधी कानून वापस लेने चाहिए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों की मांग का समर्थन करती है व किसानों के हर सुख दुःख में साथ खड़ी है सपा जिलाध्यक्ष ने किसानों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी व उनकी सपा सरकार आने पर मदत का वादा किया चौपाल को समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजय पाल सिंह, नगर अध्यक्ष रियाशत खां,जिला सचिव जितेंद्र दिवाकर ,जिला सचिव धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, लोहिया वाहिनी अध्यक्ष फैजान फैजी अल्पसंख्यक सभा अध्यक्ष सईद ,जिला कोषाध्यक्ष राघवेंद्र राठौर , श्रीश राजवंशी ,अनूप यादव, अरविंद राठौर, पुशपेंद्र सिंह दीपू ने सम्बोधित किया

# बीडीसी को मारपीट कर किया अधमरा

संवाददाता, फर्रुखाबाद। बीती रात बीडीसी सदस्य को मारपीट कर अधमरा कर दिया गया। बीडीसी नें नकदी लूटने का अभी आरोप लगाया है। पुलिस जाँच कर रही है। थाना क्षेत्र के ग्राम नौसारा निवासी देवचंद यादव बीडीसी सदस्य है। देवचंद नें थाना पुलिस को तहरीर दी। जिसमे आरोप लगाया कि वह बीती रात बाइक से अपने गाँव जा रहा था। गाँव के करीब पीछे से बाइक में सफेद कार नें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे देवचंद बाइक सहित जमीन पर गिर गया। आरोप है कि उसी दौरान कार से उतरे अखिलेश पुत्र सोनेंलाल, अंकित पुत्र राजेश निवासी नौसारा, मनोज पुत्र गिरंद निवासी दसौली हरपालपुर हरदोई गाड़ी से निकले और मारपीट कर गले में गमछे का फंदा डालकर अंकित और मनोज नें लाठी–डंडे से हमला कर दिया। इसी बीच जेब में रखे बीस हजार रूपये और अवश्यक कागजात निकाल लिए और मरा समझकर झाड़ियों में डालकर फरार हो गये। घटना के बाद घायल को जिला जेल के निकट एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल नें थाने में तहरीर दी। थानाध्यक्ष अजय नरायण सिंह नें बताया कि घटना में मारपीट हुई है। लूट की घटना संदिग्ध है। तहरीर की जाँच की जा रही है। जाँच के बाद मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

# अध्यक्ष, उ0प्र0 माटीकला बोर्ड लाभार्थियों को चाक वितरित करेगें– नगर मजिस्ट्रेट

प्रभारी अधिकारी वीआईपीध्नगर मजिस्ट्रेट ने अवगत कराया है कि मा0 अध्यक्ष, उ0प्र0 माटीकला बोर्ड श्री धर्मवीर प्रजापति जनपद भ्रमण के दौरान 19 दिसम्बर 2020 करे पूर्वान्ह 11 बजे भूरज सेवा संस्थान, महोलिया शिवपार में आयोजित चाक वितरण कार्यक्रम में लाभार्थियों को चाक वितरित करेगें।

# विधायक चरखारी के निजी सचिव पर हमला करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

## –अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस किये गये बरामद

महोबा। 12 दिसम्बर को विधायक ब्रजभूषण राजपूत, चरखारी के निजी सचिव रोहित कटियार ने थाना चरखारी में लिखित तहरीरी सूचना देकर मु.अ.सं. 357ध्2020 धारा 307 प्च्छ पंजीकृत कराया था । जिसमें अंकित कराया है कि वह विधायक के निजी सुरक्षाकर्मी देवनाथ के साथ ग्राम करहरा खुर्द में जा रहे थे कि समय 07.30 बजे सायं ग्राम करहरा खुर्द मे ही जिस गाड़ी में ये लोग बैठे थे उस स्कार्पियो गाड़ी पर 04 अज्ञात बदमाश जो मोटर साइकिल नं. न्च 91ध् च7451अपाचे से सामने से आये रास्ता अत्यन्त खराब होने के कारण रुके तथा मुझसे व विधायक के सुरक्षा कर्मी देवनाथ से कहा सुनी करने लगे व अपने अवैध असलाहों से घटना स्थल पर फायर किये तथा किसी बदमाश ने डण्डे से मेरी गाड़ी के सीसे पर बुरी तरह से प्रहार किया जिससे शीशा चटक गया । उक्त अभियोग के सफल अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा दिनांक 12 दिसम्बर को ही एसएचओ पनवाड़ी विनोद कुमार यादव व एसएचओ




श्रीनगर श्यामप्रताप पटेल व एसएसआई विमल सिंह थाना चरखारी व अन्य पुलिस कर्मियों की टीम गठित की गयी थी । गठित टीम व विवेचक ने घटना स्थल से प्राप्त अपाचे गाड़ी नम्बर न्च 91 ध् च 7451 को ट्रेस आउट किया तो पता चला कि यह गाड़ी उक्त अपाचे गाड़ी का पंजीकृत वाहन स्वामी हरी सिंह राजपूत निवासी ग्राम परा थाना राठ जनपद हमीरपुर है । जिसके क्रम में वाहन स्वामी व अन्य गोपनीय जानकारियों से ज्ञात हुआ कि वाहन स्वामी का पुत्र सुनील एक पेशेवर किस्म का अपराधी है तथा इसके गैंग के अन्य चारों सदस्य अन्तर जनपदीय अपराधों में संलिप्त रहते हैं इस घटना को 1.सुनील राजपूत पुत्र हरि नि.ग्राम परा थाना राठ जनपद हमीरपुर अपने अन्य तीन साथियों 2.पुष्पेन्द्र उर्फ मन्नू पुत्र भगत सिंह नि.ग्राम परा थाना राठ जनपद हमीरपुर 3. विपिन राजपूत पुत्र जयपाल नि. औड़ेरा थाना राठ जनपद हमीरपुर व 4.धीरेन्द्र राजपूत पुत्र फेरूलाल निवासी ग्राम परा थाना राठ जनपद हमीरपुर लोगो ने मिलकर अंजाम दिया है । जिसमें 17 दिसम्बर को गठित टीम व विवेचक ने सफल अनावरण करते हुये 02 शातिर अभियुक्तगण विपिन राजपूत पुत्र जयपाल नि. औड़ेरा थाना राठ जनपद हमीरपुर व धीरेन्द्र राजपूत पुत्र फेरू लाल निवासी ग्राम परा थाना राठ जनपद हमीरपुर को रात्रि में गुढा पुरानी नहर सबुआ रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया । अभियुक्त विपिन राजपूत के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व 4 अदद जिन्दा कारतूस तथा धीरेन्द्र उपरोक्त के कब्जे से एक अदद 315 बोर तमंचा व 4 अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ । दोनों अभियुक्तों से गहनता से पूछताछ से पता चला कि यह जनपद महोबा में लूट पाट जैसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे तथा शेष अभियुक्त गण सुनील राजपूत व पुष्पेन्द्र राजपूत उपरोक्त फरार चल रहे है, जिसकी गिरफ्तारी का प्रयास जारी है ।

बताते चलें कि दोनों अभियुक्तो विपिन व धीरेन्द्र उपरोक्त का एक लम्बा आपराधिक इतिहास है तथा इस गैंग के फरार दोनों अभियुक्त गणों सुनील व पुष्पेन्द्र उपरोक्त के लम्बे आपराधिक इतिहास की जानकारी प्राप्त हो रही है । दोनों अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं जिन पर काफी संख्या में लूट, डकैती, चोरी, गृहभेदन, गैंगेस्टर जैसे गम्भीर मामलों में अभियोग पंजीकृत हैं ।

# थाना कुलपहाड़ में हुयी लूट की घटना का पुलिस ने किया खुलशा

## –लूट से सम्बन्धित प्रकाश में आये 03 नफर अभियुक्तों को मय माल व तमंचे के साथ किया गया गिरफ्तार

महोबा। महोबा जनपद के कोतवाली कुलपहाड में 28 नवंबर की रात्रि में वादी राजेश पुत्र लखन निवासी बेलाताल जो श्रीनगर से वापस अपनी मोटर




साइकिल से ग्राम महेबा जा रहा था कि बेलाताल के आगे महेबा तिगैला के पास एक मोटर साइकिल अपाचे बिना नम्बर की गाडी के साथ 03 व्यक्तियों के द्वारा वादी राजेश की आंखों में मिर्च पाउडर छिडक कर मोबाइल व नगदी सहित मोटर साइकिल लूटी गयी थी, जिस पर वादी उपरोक्त की तहरीरी सूचना के आधार पर थाना कुलपहाड में मु0अ0सं0 357ध् 2020 धारा 392 भादवि पंजीकृत किया गया तथा घटनास्थल का उच्चाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया था तथा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक आर0के0गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड रामप्रवेशक राय के निकट पर्यवेक्षण में टीमों का गठन किया गया ।

जिसके क्रम में 17 दिसंबर को प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम वरिष्ठ उ0नि0 सुनील कुमार तिवारी व उ0नि0 लाखन सिंह (चौकी प्रभारी बेलाताल) मय हमराही कर्म0गण व स्वाट टीम प्रभारी उ0नि0 भूपेन्द्र सिंह मय हमराही कर्मचारी गण की मदद से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 357ध्2020 धारा 392 भादवि व बढोत्तरी धारा 411 भादवि से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्तगण (1) सुऐव खान पुत्र रक्खू खान उम्र 22 वर्ष के कब्जे से 01 अदद तमंचा देशी 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर अवैध व (2) अक्षय पुत्र घनश्याम अहिरवार उम्र 22 वर्ष के कब्जे से 01अदद तमंचा देशी 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर अवैध (3) शिवेन्द्र साहू उर्फ बन्टी पुत्र रामसुन्दर साहू उम्र 21 वर्ष को मय मुकदमा उपरोक्त में लूटी गई मोटर साइकिल मोटर भ्थ् डिलक्स के साथ घटनास्थल एस0के0 महाविद्यालय के पास कस्बा जैतपुर थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा से गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर अभियुक्त सुऐव खान उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 367ध्2020 धारा 3ध्25 ।त्डै ।ब्ज व अभियुक्त अक्षय उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 368ध्2020 धारा 3ध्25 ।त्डै ।ब्ज पंजीकृत कर उपरोक्त तीनों अभियुक्तगण को जेल भेजा गया है ।

# जनपद में 14 फरवरी 2021 तक बढ़ाई गई निषेधाज्ञा

संवाददाता

अयोध्या। लागू रहेगी धारा 144. जिला मजिस्ट्रेट अनुज झा ने जारी की निषेधाज्ञा। रामायण मेला, गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस, राम विवाह, क्रिसमस, नववर्ष दिवस, लोहरी, मकर संक्रांति, गुरु गोविंद सिंह जयंती, सुभाष चंद्र बोस जयंती, गणतंत्र दिवस, मोनी अमावस्या, प्रतियोगी परीक्षाएं व कृषि बिल विधायक के विरोध को लेकर जारी की गई निषेधाज्ञा। अयोध्या में किसी भी संगठन द्वारा होने वाले सभी कार्यक्रमों पर रोक।आम पब्लिक को आग्नेय अस्त्र विस्फोटक पदार्थ लाठी बलम भाला और तेजधार हथियार लेकर चलने पर रोक।कोई भी राजनीतिक दल संगठन बिना पूर्व अनुमति के जनसभा नुक्कड़ सभा रैली जुलूस सांस्कृतिक कार्यक्रम पदयात्रा विजयोत्सव पर प्रतिबंध। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया पर भी प्रतिबंध। बिना अनुमति के सार्वजनिक स्थल पर नहीं होगी डिबेट व परिचर्चा।

# पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया थाना श्रीनगर के "महिला हेल्प डेक्स" का औचक निरीक्षण



महोबा। पुलिस अधीक्षक महोबा अरुण कुमार श्रीवास्तवक व अपर पुलिस अधीक्षक आर0के0गौतम द्वारा थाना श्रीनगर भ्रमण के दौरान थाने पर "मिशन शक्ति" के तहत स्थापित "महिला हेल्प डेक्स" का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात महिला आरक्षी से फरियादियो से सम्बन्धी जानकारी ली गई एवं महिला सम्बन्धी सुनवाई पर विशेष बल देने को कहा गया । इसके साथ ही थाना कार्यालय के अभिलेखों को भी चेक किया गया । सीसीटीएनएस कार्यालयध्माल ग्रह आदि का भी निरीक्षण किया गया एवं प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये । निरीक्षण के दौरान पीआरओ एसपी उ0नि0 राजेश मौर्य भी उपस्थित रहे।

# जिला मजिस्ट्रेट ने ली पुरातत्व एवं पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक

महोबा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने पुरातत्व एवं पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में पर्यटन विकास को लेकर जहां भी संभावनाएं है उन सभी स्थलों का चयन कर विकसित कराया जाए।उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों की अपने क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले ऐतिहासिक इमारतों व दर्शनीय स्थलों की सूची पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि सभी दर्शनीय को विकसित करने की शुरुआत करें।उन्होंने कहा कि उर्मिल बांध के गेस्ट हाउस को पर्यटकों के लिए खुलवाया जाए और वहां पर कैंटीन आदि की भी व्यवस्था की जाए।इस मौके पर उन्होंने बीडीओ कबरई व पुरातत्व अधिकारी को रहेलिया




सूर्य मंदिर परिसर का सुंदरीकरण कराने एवं वहां प्रेरणा कैंटीन संचालित कराने के निर्देश दिए।उन्होंने बेलाताल फोर्ट व वहां की पहचान फूलबाग को पुनः विकसित करने के निर्देश भी दिए।कहा कि वहां पर साफ–सफाई एवं पर्यटकों के ठहरने के बेहतर इंतेजाम किये जायें।इस अवसर पर उन्होंने बैठक में आये हुए गणमान्य व्यक्तियों से जिले के अंतर्गत आने वाले कई दर्शनीय स्थलों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में जानने की कोशिश की। बैठक में सीडीओ डॉ हरिचरन सिंह,बीडीओ कबरई विनीत कुमार,बीडीओ जैतपुर प्रशांत कुमार,बीडीओ पनवाड़ी रजनीश शुक्ला, सूचना अधिकारी सतीश यादव सहित एक्सईएन पीडब्ल्यूडी व सिंचाई एवं पत्रकार गण आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार उत्पीड़न को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी उपजा बनाई गई प्रशासनिक समिति

संवाददाता

अयोध्या। यू पी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन अयोध्या इकाई की एक आवश्यक बैठक रिकाबगंज स्थित एक समाचार पत्र कार्यालय में हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पत्रकार के उत्पीड़न पर अब आर–पार की लड़ाई लड़ना पड़ेगा। प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देशन में शीघ्र ही धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से पत्रकार उत्पीड़न पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए उपजा की एक प्रशासनिक समिति बनाई गई जिसमें अजय श्रीवास्तव को प्रभारी बनाया गया। बैठक में छह बिंदुओं पर चर्चा की गई।संगठन की सदस्यता का प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता को बनाया गया तथा यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन की प्रत्येक माह बैठक की जाएगी। पत्रकार कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने बैठक में कहा कि प्रदेश अध्यक्ष श्री रतन दीक्षित के निर्देश पर जनपद में हुए पत्रकार उत्पीड़न के बाबत जिला प्रशासन को एक ज्ञापन के माध्यम से कार्यवाही की मांग की जाएगी और निश्चित समय में कार्यवाही ना होने पर धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। बैठक में सभी ने राज्य सरकार से मांग किया कि शीघ्र ही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए। उपजा की बैठक में संगठन के महामंत्री डीके तिवारी उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव संगठन मंत्री मोहम्मद तुफैल ओम प्रकाश श्रीवास्तव नौशाद आलम मीसम खान बजरंगी साहू राकेश तिवारी रवि मौर्या राकेश वैद महेंद्र त्रिपाठी धर्मेंद्र चौरसिया प्रभाकर यादव अंकित सेन आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार की परेड में सलामी लेते हुये पुलिस लाइन अवस्थित शारवाओं/परिसर का किया निरीक्षण

महोबा। शुक्रवार के रोज पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा शुक्रवार की परेड में पुलिस लाइन महोबा में अवस्थित परेड ग्राउण्ड में सलामी ली गयी व परेड का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों के टर्न आउट को चेक किया गया एवं मुस्तैदी के साथ बावर्दी दुरूस्त डियूटीरत रहने व यातायात माह नवम्बर के दृष्टिगत सभी पुलिस कर्मियों से यातायात नियमों का शत–प्रतिशत पालन करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी क्रम में क्वार्टर गार्दध् परिवहन शाखा का भ्रमण किया गया एवं खड़े वाहनों का निरीक्षण किया गया, पुलिस अधीक्षक द्वारा यू0पी0 112 वाहनों का भी निरीक्षण किया गया एवं वाहनों में रहने वाले दंगा नियंत्रण उपकरणों, क्राइम सीन सुरक्षित करने के डेमो का भी निरीक्षण किया गया एवं सम्बन्धित को इस सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये । प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन्स स्थित



तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन्स स्थित आवासों व बैरकों/पुलिस सब्सिडियरी कैन्टीन का निरीक्षण किया गया जहां बैरक में उपस्थित कर्मचारियों से उनकी समस्याओं के विषय में वार्ता की गयी एवं समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी एवं भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को बढाने के निर्देश दिये गये । निरीक्षण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह, एस पी– पी आर ओ उ0नि0 राजेश मौर्य,प्रभारी परिवहन शाखा ललित नारायण द्विवेदी व अन्य अधाकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# अतिक्रमण को लेकर बैठक फिर टली, नही पंहुचे अफसर

संवाददाता

फर्रुखाबाद। शहर का अतिक्रमण तोड़ना बिल्ली के गले में घंटी बांधने जैसा है। लिहाजा पढ़े लिखे हुक्मरान बिल्ली के गले में घंटी बांधना नही चाहते। जिसके चलते लगातार दूसरी बार बैठक निरस्त हुई और मेहमान लम्बे इंतजार के बाद फिर वापस लौट गये। दरअसल लाल दरवाजे से मऊदरवाजा तक सड़क के दोनों तरफ बने ऊंचे–ऊंचे भवन अतिक्रमण की जद में हैं। जिसमे से कई रसूखदार लोगों के भी भवन पर लाल क्रास लगा दिया गया है। पहले चरण में लाल निशान लगाकर अतिक्रमण को चिन्हित किया गया जबकि दूसरे चरण में शहर के व्यापारियों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति पर विचार होंना था। लेकिन बीते दिन भी बैठक निरस्त की गयी। जिसके बाद शुक्रवार का समय सभी व्यापारियों को दिया गया। दोपहर लगभग डेढ़ बजे व्यापारी अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ, संजीब मिश्रा बॉबी और इखलाख खान आदि थाना मऊदरवाजा बैठक में शिरकत करने पंहुचे। इसके साथ ही शहर कोतवाल वेदप्रकाश पाण्डेय और सीओ सिटी राजवीर सिंह भी आ गये। लेकिन नगर मजिस्ट्रेट अशोक कुमार मौर्य और पालिका ईओ रविन्द्र कुमार के ना पंहुचने से बैठक फिर निरस्त कर दी गयी। व्यापारी काफी देर इंतजार के बाद वापस लौट गये। नगर मजिस्ट्रेट अशोक कुमार मौर्य नें बताया कि शुक्रवार और गुरुवार को बैठक आयोजित नही हो सकी। शनिवार को दोपहर में बैठक आहूत कर रणनीति बनायी जायेगी।

# देर रात डीएम अनुज झा ने शहर के रैन बसेरों का किया निरीक्षण

संवाददाता

अयोध्या। देर रात डीएम अनुज झा ने शहर के रैन बसेरों का किया निरीक्षण। नगर निगम द्वारा स्थापित बस स्टेशन व रेलवे स्टेशन के रैन बसेरों का निरीक्षण। कंबल व अन्य व्यवस्था मिली चाक चौबंद। रैन बसेरों के आसपास अलाव जलाने के निर्देश।शहर के चौराहों पर भी अलाव जलाने के निर्देश। डीएम अनुज झा का बयान। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बनाए गए हैं रैन बसेरे।स्थानीय नगर पालिका ने की है व्यवस्था। जलाए जा रहे हैं अलाव। निरीक्षण के समय नगर निगम के अधिकारी भी रहे मौजूद। जिला पुरुष व महिला अस्पताल के रैन बसेरों को भी शुरू करने के निर्देश।

# नाबालिक बालिका नें फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता

फर्रुखाबाद। मानसिक रूप से परेशान नाबालिक बालिका नें फांसी का फंदा लगाकर आपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों नें पुलिस को सूचना दिये बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थानाअमृतपुर क्षेत्र के ग्राम रतनपुर निवासी 14 वर्षीय डोली पुत्री सतीश कुमार नें शुक्रवार को सुबह घर में ही दुपट्टे से फांसी लगाकर फांसी लगाकर आत्महत्या ली। जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ मौके पर लग गयी। मृतका की माँ रामवती नें बताया कि डोली मानसिक रूप से परेशान थी। परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल हो गया। परिजनों नें कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए पुलिस को सूचना नही दी और का अंतिम संस्कार कर दिया। थानाध्यक्ष जसबंत सिंह बताया परिजनों नें सूचना नही दी। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

# महन्थ देवीपाटन ने गरोबो को दिया कम्बल

संवाददाता

बलरामपुर। तुलसीपुर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर मैं रह रहे 45 गरीब बनवासी थारू छात्रावास के बच्चों को शक्ति पीठ देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मिथिलेश नाथ योगी द्वारा गरम कंबल वितरण किया गया शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में वर्षों से गरीब वनवासी थारू छात्रों के लिए छात्रावास चलाया जा रहा है जिसमें बच्चों के रहने पढ़ने लिखने एवं खेलने कूदने सहित तमाम तरह की व्यवस्थाएं उन छात्रों के स्वावलंबी बनाने की लिए की जाती रही हैं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उन छात्रों के लिए मंदिर की ओर से प्रत्येक छात्र को कम्बल वितरित किया गया है इस अवसर पर अरुण कुमार गुप्ता भगवान प्रसाद राजन कुमार रविंदर राहुल छत्रपति अमरनाथ आदि लोग मौजूद रहे।

# नरेन्द्र मोदी को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाने का विश्वविद्यालय बिरादरी के विभिन्न वर्गों ने स्वागत किया

संवाददाता

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के 22 दिसंबर को प्रस्तावित शताब्दी समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भारत के प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी का विश्वविद्यालय बिरादरी के विभिन्न वर्गों ने स्वागत किया है।नरेन्द्र मोदी को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाने के कुलपति प्रोफेसर तारिक मंसूर के निर्णय का स्वागत करते हुए अमरीका स्थित पूर्व छात्र, उद्यमी और लेखक, डा० फ्रैंक इस्लाम, जिन्होंने व्यवसाय प्रबन्धन विभाग को 12 करोड़ रुपये तथा जनसंचार विभाग के सभागार के लिए 1.25 करोड़ रुपये का दान दिया है, ने कह कि "प्रधानमंत्री को निमंत्रण लोगों को करीब लाने के लिए एक नई शुरुआत को चिह्नित करेगा। जब भी हम एक साथ आते हैं, हम आश्चर्यजनक सफलता प्राप्त करते हैं।" उन्होंने कहा कि "प्रधानमंत्री जाति–पाति और धर्म से ऊपर संपूर्ण देश के प्रधानमंत्री हैं। मुझे कुलपति प्रोफेसर मंसूर की उपलब्धि पर गर्व है, जिनके चार साल के कार्यालय में अमुवि विकास के पथ पर अग्रसर है।" प्रोफेसर सलमा अहमद, प्रोफेसर राकेश भार्गव, प्रोफेसर अब्दुस सलाम, प्रोफेसर असफर अली खान, प्रोफेसर मोहम्मद रेहान समेत विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों ने प्रधानमंत्री को आमंत्रित करने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि "शताब्दी समारोह हर प्रकार की राजनीति से ऊपर है।" उन्होंने संपूर्ण अमुवि बिरादरी से शताब्दी समारोह को शानदार बनाने के लिए राजनीति से ऊपर उठने तथा एकजुटता दिखाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सभी से अपील करते हैं कि वे गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गांधी जयंती और सर सैयद दिवस की भांति राजनीति तथा हर प्रकार के मतभेद से ऊपर शताब्दी वर्ष का जश्न मनाएं।

# वरिष्ठ समाजसेवी राजन पांडेय ने अपने पुत्र को भेजकर कंबल वितरित करवाया

संवाददाता

मिल्कीपुर/अयोध्या। जिला पंचायत अमानीगंज चतुर्थ अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा पिठला का मजरा अमावा चीटन में लगभग 100 गरीबों को जिले के वरिष्ठ समाजसेवी राजन पांडेय ने अपने पुत्र अंकित पांडे को भेजकर कंबल वितरित करवाया। श्री पांडेय ने कहा बड़ा कष्ट है कि मैं इस बार में 14 जनवरी को कंबल वितरण मेला लगा कर नहीं बांट पा रहा हूं। क्योंकि हमेशा 10000 कंबल बांटता था और लगभग 25000 जरूरतमंदों को भोजन करवाता था लेकिन कोरोना के नाते मैंने एसडीएम महोदय से बात किया तो एडीएम महोदय ने कहा पांडे जी गांव गांव बटवा दीजिए भीड़ इकट्ठा करके बांटना खतरे से खाली नहीं है इस नाते अब यह सिलसिला गांव–गांव चलेगा बस ऐसे ही हमारे गरीबों का आप सभी शुभचिंतकों का आशीर्वाद बना रहे निश्चित बढ़िया से बढ़िया करने का प्रयास करूंगा।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा

बलरामपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शाखा तुलसीपुर ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है तुलसीपुर में रोडवेज बस अड्डा ना होने से छात्र छात्राओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है इसलिए रोडवेज बस स्टेशन अविलम्ब स्थापित की जाए। वही छात्रों ने स्थानीय कस्तूरबा आर्य बालिका इंटर कॉलेज के पास मनचलों द्वारा छात्राओं पर फब्तियां कसने व अभद्रता करने को लेकर पुलिस उपाधीक्षक उदयवीर सिंह को एक ज्ञापन दिया और उनसे सुरक्षा की मांग की। ज्ञापन देते समय एबीवीपी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निशांत मणि तिवारी नगर अध्यक्ष जटाशंकर त्रिपाठी उपाध्यक्ष शाबान सब्बाग आशुतोष पांडे अमन गुप्ता रितिक चौरसिया किशन रस्तोगी गोपाल जयसवाल सभाजीत शुक्ला शिवांशु श्रीवास्तव व नगर एस एफ डी प्रमुख मनीष गुप्ता दिनेश वर्मा तथा रौनक श्रीवास्तव तौकीर खान आदि लोग उपस्थित रहे।

# उपनिवेशवादी ज्ञान सृजन" विषय पर आनलाइन व्याख्यान

संवाददाता

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के भाषा विज्ञान विभाग द्वारा "ग्रेरसन के भारत के भाषायी सर्वे (1903–1928) में उपनिवेशवादी ज्ञान सृजन" विषय पर आनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें किंग्स कालिज, लंदन में अंग्रेजी के प्रोफेसर तथा साहित्यकार प्रोफेसर जावेद मजीद ने भारत, ज्ञान तथा उपनिवेशवाद जैसे शब्दों की व्याख्या करते हुए म्यांमार (पूर्व बर्मा) के भाषाई सर्वेक्षण के साथ भारत के भाषाई सर्वेक्षण की तुलना की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार यह सर्वेक्षण भारतीय संदर्भ में बाकी रहा जबकि म्यांमार में यह विफल हो गया। उन्होंने इस सर्वेक्षण के महत्व और औपनिवेशिक काल के बाद के अनुसंधान के तरीके का भी उल्लेख किया। इससे पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एमजे वारसी ने अतिथि वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय भाषाविज्ञान सर्वेक्षण पर प्रोफेसर माजिद का शोध भाषाई शोध के इतिहास में एक मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि एएमयू के लिए वर्ष 2020 का विशेष महत्व है लेकिन कोविड–19 के कारण सभी कार्यक्रम आभासी रूप से आयाजित किये जा रहे हैं। सहायक प्रोफेसर डा० नाजरीन लस्कर ने कहा कि यह वेब वार्ता एएमयू शताब्दी समारोह का एक हिस्सा है। विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर इम्तियाज हसनैन ने वेब टाक के प्रश्न और उत्तर सत्र को संचालित किया, जबकि डा० शमीम फातिमा ने आभार व्यक्त किया।

# कोविड-19 के टीकाकरण को लेकर जिले के स्वास्थ्य महकमे ने कसी कमर

संवाददाता

गोण्डा। खुशखबरी, जिलेवासियों का कोरोना वैक्सीन का इंतजार जल्द ही खत्म हो सकता है। दिसंबर माह के अंत तक कोरोना वैक्सीन जिले में आ सकती है। वैक्सीन आने पर अलग–अलग चरणों में लोगों का टीकाकरण किया जायेगा, जिसका माइक्रोप्लान स्वास्थ्य महकमे द्वारा तैयार कर लिया गया है, जिसके अनुसार जिला अस्पताल, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा जिले के कुछ चिन्हित प्राइवेट चिकित्सालयों में टीकाकरण किया जायेगा। तैयारियों की इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में जनपद स्तरीय प्रशिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ देवराज चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। पहले दिन 17 दिसंबर को सीएचसी हलधरमऊ, करनैलगंज, कटरा बाजार, बेलसर, तरबगंज, नवाबगंज, परसपुर व गोंडा अर्बन के चिकित्सा अधीक्षक, एचईओ, बीपीएम को टीकाकरण से सम्बंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षित किया गया। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन 18 दिसंबर को पंडरी कृपाल, मुजेहना, इटियाथोक, रुपईडीह, काजीदेवर, मनकापुर, मसकनवा और बभनजोत के स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। डॉ देवराज चौधरी ने बताया कि कोविड–19 के टीकाकरण के लिए आठ–आठ ब्लॉकों का एक–एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इसमें प्रत्येक ब्लॉक से दो ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारी को प्रशिक्षित किया जाएगा, जो प्रशिक्षण लेने के उपरांत ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के प्रथम चरण में स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण होना है। इसलिए प्रशिक्षण के दौरान टीकाकरण करने के तरीके व डोज के साथ ही साथ सावधानियों पर भी विस्तारपूर्वक बताया जाएगा। प्रथम चरण में जिले की सभी आशा, एएनएम, आंगनवाड़ी, चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, अन्य ऑफिस स्टाफ व प्राइवेट स्वास्थ्य इकाईयों के स्वास्थ्य कर्मियों समेत कुल 13,879 का टीकाकरण किया जायेगा। इस दौरान डॉ बीके सिंह, डॉ संत प्रताप, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ विनय डांगे, यूनिसेफ के डीएमसी शेषनाथ सिंह, जिला वैक्सीन स्टोर इंचार्ज पंकज तिवारी व यूएनडीपी के राजेश कुमार द्वारा प्रतिभागियों को अलग–अलग विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान लोगों को टीकाकरण सत्र स्थल, वैक्सीन कैरियर, एईएफआई किट, टीकाकरण सत्र स्थल पर महिलाओं को प्राथमिकता व वेस्ट मैनेजमेंट सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। प्रशिक्षकों ने बताया कि टीकाकरण के दूसरे चरण में नगरपालिका या नगर पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों (समस्त फ्रंट लाइन वर्कर) का टीकाकरण किया जाएगा यदि वैक्सीन दिसम्बर माह के अंत तक जिले में आ जाती है तो टीकाकरण की पहली डोज 01 जनवरी 2021 को व दूसरी डोज 29 जनवरी 2021 को दिए जाने की कार्ययोजना भी जिला प्रशासन के निर्देशन में विभाग द्वारा तैयार कर ली गयी है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि तीसरे चरण में 50 साल से अधिक उम्र के लक्षित लोगों को टीके से प्रतिरक्षित किया जायेगा। उसके बाद आमजन को टीका लगाया जायेगा।उन्होंने बताया कि टीकाकरण के लिए कुल 546 राजकीय वैक्सीनेटर (सभी एएनएम) व 396 प्राइवेट वैक्सीनेटर समेत कुल 942 वैक्सीनेटर नामित किये गए हैं। प्रत्येक सत्र पर अधिकतम सौ लाभार्थियों का टीकाकरण किया जायेगा। टीकाकरण किये जाने हेतु सौ स्वास्थ्य कर्मियों की पांच–पांच सदस्यीय बीस टीमें बनायी जायेंगी, जिसमें एक वैक्सीनेटर, एक वेरीफायर, दो मोबिलाइजर व एक सुरक्षा कर्मी को शामिल किया जायेगा। सामान्य तौर पर एक स्वास्थ्यकर्मी को रोजाना 100 लोगों के टीकाकरण की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

# आनलाइन व्याख्यान का आयोजन

संवाददाता

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग ने "मिसिनफार्मेशन, फेक न्यूज एंड सोसाइटी" पर एक विशेष आनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया। प्रोफेसर संजय कुमार सिंह (पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, गुवाहाटी विश्वविद्यालय) ने व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर आने वाली फर्जी और अविश्वसनीय खबरें अब अकादमिक क्षेत्रों और कई फर्जी पत्रिकाओं और प्रकाशकों के हाथों में आ गई हैं। वे सत्यापित किए बिना और विशेषज्ञ समीक्षा के बिना भी चीजें प्रकाशित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस "बीमारी" का सबसे बुरा पहलू यह है कि लोगों को इसके हानिकारक परिणामों के बारे में पता नहीं होता है और वे झूठी खबरें और सूचनाएं दूसरों तक पहुंचाते हैं। प्रोफेसर सिंह ने अकादमिक हलकों और सोशल मीडिया में इस बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए विभिन्न तरीकों पर प्रकाश डाला। अतिथि वक्ता का स्वागत करते हुए, विभागाध्यक्ष और आनलाइन व्याख्यान के संयोजक डा० एम मासूम रजा ने कहा कि शिक्षित लोग झूठी और भ्रामक खबरों और सूचनाओं के प्रसार को रोक सकते हैं। लेक्चर कोआर्डिनेटर डा० मुजम्मिल मुश्ताक ने कहा कि ऐसे कई आनलाइन संसाधन और एप्लिकेशन हैं जिनका उपयोग फर्जी खबरों की पहचान करने के लिए किया जा सकता है। हालांकि, सोशल मीडिया और अकादमिक पत्रिकाओं में फर्जी खबरों के प्रकाशन को रोकने के लिए और अधिक सतर्कता बरते जाने की आवश्यकता है। डा० मुजम्मिल मुश्ताक ने कार्यक्रम का संचालन भी किया।

# मजलिसे अजा ईसाल का बेहतरीन जरीया है–मौलाना मो0रजा जैदपुरी



संवाददाता

बाराबंकी। बगैर वसीला मंजिल तक पहुँचना मुमकिन नहीं। मजलिसे अजा ईसाल का बेहतरीन जरीया है। यह बात बादे नमाजे जुमा,मस्जिदे इमामिया में मरहूम आलिम हसन इब्ने मरहूम अजबुल हसन की ईसाले सवाब की मजलिस को खिताब करते हुये मौलाना मो0रजा जैदपुरी ने कही। उन्होने यह भी कहा कि बगैर मोहम्मद व आले मोहम्मद कोई भी अमल काबिले कुबूल नहीं। कुरआन का ईसाल भी मोहम्मद व आले मोहम्मद के तुफैलमे करना,उनसे मोहब्बत की दलील है। मोहम्मद व आले मोहम्मद के मुकाबिल में जो भी जब भी सामने आया तो वो सब कुछ हो सकता है लेकिन सच्चा नहीं हो सकता। आखिर में इमाम हसन अ के मसायब पेश किये जिसे सुन कर सभी रोने लगे।बानिये मजलिस ने सभी का शुक्रिया अदा किया ।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला महामंत्री मनोनीत

संवाददाता

गोण्डा। जिला कार्यकारिणी के मीडिया प्रभारी बसंत श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि जिले में संगठन को और सुचारू रूप से चलाने व संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला कार्यकारिण ने मनोज कुमार श्रीवास्तव को महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया राष्ट्रीय संयोजक मनीष कुमार श्रीवास्तव के निर्देश का पालन करते हुए जिला अध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव ने वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक मणि श्रीवास्तव के आवास पर मनोनयन पत्र देकर जानकारी दी। ढेरों शुभकामनाएं साथ ही अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 2150,के उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, राजकुमार श्रीवास्तव, विजित प्रेम श्रीवास्तव, विकास मनोहर श्रीवास्तव, पंकज मोहन श्रीवास्तव,अरविंद सहाय ने अपने मनोनीत महामंत्री को मिठाई खिलाकर ढेरो शुभकामनाएं दी।

# 22 दिसंबर से फिर से प्रारंभ होंगी ओपीडी सेवाएं

संवाददाता


अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कालिज के त्वचा रोग, मनोचिकित्सा तथा नेत्र रोग विभाग की आउट पेशेंट विभाग (ओपीडी) सेवाएं 22 दिसंबर से फिर से प्रारंभ होंगी। चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर हरिस एम खान ने कहा कि मरीजों का पंजीकरण प्रातः 8 बजे से 9 बजे के बीच किया जाएगा तथा प्रारंभ में हर विभाग की ओपीडी में केवल 70 मरीजों का पंजीकरण किया जाएगा। इससे पूर्व मेडिसिन, टीबी तथा श्वास रोग और ईएनटी विभागों की ओपीडी सेवायें गत 1 दिसंबर से प्रारंभ हो चुकी हैं। कोविड तालाबन्दी के दौरान पूरे देश में विभिन्न विभागों के डाक्टर रोगियों को टेली–परामर्श प्रदान कर रहे थे, परन्तु अब यह सेवाएं चरणबद्ध तरीके से खुल रही हैं।

# दिब्यांगों के लिये बनी संजीवनी डा0 विनीता सिंह-हाजी सरवर अली रिजवी

## जिले का नाम देश–दुनिया में रोशन कर रही हैं डा0 विनीता सिंह

संवाददाता

बाराबंकी। दिब्यांगों के लिये बनी संजीवनी डॉ0 विनीता सिंह । यह बात अखिल भारतीय दिव्यांगजन कल्याण परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी सर वर अली रिजवी ने डा 0 विनीता सिंह को सम्मानित करते हुये उनके आवास शीला भवन में कही ।जनपद के शीला भवन, मकदूमपुर निवासिनी गंगा मेमोरियल गर्ल्स पी0 जी0 कालेज, पैसार के हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग की विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत डॉ0 विनीता सिंह विगत 15 वर्षों से अधिक समय से लगातार समाज हितकारी महिला एवं बाल कल्याण, के कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा कर हिस्सा ले रही हैं। इनके अथक प्रयासों एवं निष्ठापूर्वक किये जा रहे प्रयासों के परिणाम स्वरूप विगत वर्षों में 2,00,000 से अधिक दिव्यागं एवं सकलांग बच्चों के मध्य उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी प्रतियोगिता "कौन बनेगा नन्हा कलाम" में राजधानी के 2000



से अधिक स्कूलों सम्पन्न कराने के साथ ही साथ अनेकों प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा राजभाषा में विज्ञान आधारित व्याख्यान दियें गये हैं। वर्तमान में डॉ0 सिंह गंगा मेमोरियल गर्ल्स पी0जी0 कालेज में विभागाध्यक्ष हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग में विभागाध्यक्ष पद पर कार्यरत होने के साथ ही साथ जिला विज्ञान क्लब में विशेषज्ञ, महामहिम राज्यपाल महोदया की अध्यक्षता वाले उ0 प्र0 बाल कल्याण परिषद की आजीवन सदस्य एवं बाल संरक्षण के क्रम में मोतीनगर लखनऊ स्थित निराश्रित बालगृह(वतचीमद) की व्यवस्था एवं वहाँ रहने वाली 100 से अधिक बालिकाओं एवं महिलाओं की देखभाल में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। शादी योग्य निराश्रित बालिकाओं की शादी में महामहिम राज्यपाल महोदय, माननीय मंत्रीगण, अन्य सम्मानित अधिकारियो एवं संस्था के पदाधिकारियों आदि की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न करने के साथ ही साथ संस्था द्वारा संचालित होने वाले बालभवन में स्थापित होने वाले स्लमबस्ती के विशेषकर गरीब बच्चों हेतु संचालित होने वाले विद्यालय की अवैतनिक प्रबंधिका के साथ ही साथ बाल भवन स्थित बाल पुस्तकालय, क्रीड़ावन आदि की देखभाल में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। डॉ0 सिंह कई संस्थाओं से अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय,राज्य स्तर पर अनेकों बार सम्मानित किया जा चुका है।

# उपजिलाधिकारी प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ धान क्रय केन्द्र पर पंहुच कर वंहा पर खडे किसानों से वार्ता कर कराया सत्यापन

संवाददाता

बाराबंकी। उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर विपणन धान क्रय केन्द्र बदोसरांय पंहुच कर



अब्यवस्थित रूप से केन्द्र पर खडी ट्रालियों व जमीन पर चटटा लगाकर जमा किये धान वाले किसानों से बात करके शुक्रवार को छोटे किसानों के धान के तौल हेतु निर्धारित दिन के अनुसार छोटे दस किसानों के धान की तौल आज करवाने के निर्देश वरिष्ठ विपणन निरीक्षक को देते हुये केन्द्र पर धान की तौल प्रारम्भ करवायी । शुक्रवार को उपजिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह को सूचना मिली की कुछ किसान बार बार धान तौलवा रहे है जिन किसानों को टोकेन एलाट करके तौल के लिये बुलवाया गया था उनके धान की तौल नही की जा रही है ।उपजिलाधिकारी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बदोसरांय व पुलिस बल के साथ धान क्रय केन्द्र पर पंहुच कर वंहा पर खडे किसानों से वार्ता कर सत्यापन कराया तथा सभी किसानों ने प्रशासनिक अधिकारी ने कहा अब्यवस्था न फैलायें तभी तेजी के साथ धान की तौल हो पायेगी । एस डी एम श्री चौहान ने स्पष्ट रूप से वरिष्ठ विपणन निरीक्षक तेजभान सिंह को निर्देश दिया की मंगलवार व शुक्रवार को छोटे किसानों के धान के तौल हेतु दिन निर्धारित है आज दस छोटे किसानों की धान की तौल की जायेगी साथ ही ट्राला ट्रालिंया बाहर निकालने के निर्देश भी दिये गये । विदित रहे अब तक क्रय किया गया धान से स्टोर पूर्ण रूप से भरा हुआ है वही जंहा धान की सफाई होकर तौल की जाती है वंहा पर बडे बडे धान के जमीन पर लगे चटटे धान की तौल को प्रभावित कर रहे है आखिर अब तौला जाने वाला धान लगे कंहा। इन तमाम अब्यवस्थाओं के लिये किसान भी जिम्मेदार है यदि अब्यवस्थायें न फैलायें तो बारी बारी सभी किसानों के धान की तौल की जा सकती है।

# फाइनल मैच में ख्वाजा एलेवन की टीम हुई विजयी

## अच्छा प्रदर्शन करने पर नासिर को मिला मैन ऑफ द सीरीज

संवाददाता

बाराबंकी। प्राथमिक विद्यालय मेलारायगंज में आयोजित एम पी एल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच ख्वाजा एलेवन व आई जेड प्रो के मध्य खेला गया जिसमें ख्वाजा एलेवन की टीम विजई घोषित हुई विजई प्रतिभागियों को इरम सोसाइटी के डायरेक्टर फैजी यूनुस ने पुरस्कार वितरण करके उन्हें सम्मानित किया। मेला रायगंज में खेले जा रहे फाइनल मैच में आई जेड प्रो टीम ने 14 ओवर के मैच में 193 रन का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए ख्वाजा एलेवन की टीम ने 13. 3 ओवर में 6 विकेट से जीत हासिल कर लिया जिसमें मुख्य रुप से नासिर ने 44 गेंदों का सामना करते हुए अपनी टीम के लिए 120 रन का व्यक्तिगत स्कोर बनाया और ख्वाजा एलेवन टीम को जीत दिलाई तथा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी उन्हें दिया गया । एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एलहाज हुसैन शिब्ली मियां के द्वारा किया गया संचालन मोहम्मद वासिफ संयोजन नौशाद मसीहे अजीज सनाउल्ला



सद्दाम नसीम लाइक आदि ने किया। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है इसलिए समय–समय पर खेलकूद जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना नितांत आवश्यक है। यह बात इरम एजुकेशनल सोसाइटी के डायरेक्टर सैय्यद फैजी यूनुस ने क्रिकेट टूर्नामेंट के विजय प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण करते हुए कहीं उन्होंने कहा कि खेलकूद से शरीर पुष्ट होता है और प्रतिभाओं को निखरने का सुअवसर प्राप्त होने के साथ ही साथ आपसी भाईचारा भी मजबूत होता है इसलिए समय–समय पर खेलकूद जैसी प्रतियोगिताओं का किया जाना नितांत आवश्यक है । समय–समय पर इरम कॉलेज मेला रायगंज में इस प्रकार के खेलकूद जैसी प्रतियोगिताओं के आयोजन भी होते चले जा रहे हैं जिसमें बच्चे अच्छा प्रदर्शन करके कालेज का व जिले का नाम भी रोशन करते है। तत्पश्चात इरम सोसाइटी के डायरेक्टर फैजी यूनुस ने विजयी टीम को पुरस्कार वितरण करके उनका उत्साहवर्धन किया । अच्छा प्रदर्शन करने वाले नासिर को मैन ऑफ द सीरीज दे कर के उन्हें उन्होंने सम्मानित किया। वही इरम कॉलेज मेला रायगंज के प्राचार्य डॉ उदय प्रताप सिंह ने विजई प्रतिभागियों से भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन किए जाने की बात कहते हुए उन्हें मुबारकबाद दिया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ख्वाजा सैयद फैजी युनूस डायरेक्टर इरम एजुकेशनल सोसायटी विशिष्ट अतिथि केपी यादव इस्पेक्टर दयाशंकर सिंह एसएचओ कोतवाली प्रभारी बदोसराय प्रधानाचार्य बद्री प्रसाद आदि ने अपने अपने वक्तव्य में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन एवं प्रोत्साहन किया। मैच के आयोजक एलहाज हुसैन शिब्ली मियां ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# प्रेरक ब्लाक बनाने का शिक्षकों ने लिया संकल्प'

बहराइच ।उत्तर प्रदेश सरकार एवं बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मिशन प्रेरणा के तहत न्याय पंचायत गजाधरपुर,फखरपुर, में संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें न्याय पंचायत के सभी प्रधानाध्यापकों व सहायक अध्यापकों ने प्रतिभाग किया।बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोषी राणा ने निःशुल्क ड्रेस वितरण,पुस्तक वितरण,जूता वितरण,खाद्यान्न वितरण व कन्वर्जन कास्ट ट्रांसफर पर विद्यालय वार समीक्षा किया तथा आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान किया।विद्यालय कायाकल्प की समीक्षा में सभी विद्यालयों की रंगाई–पुताई व बाला पेंटिंग मानक के अनुसार कराने पर चर्चा किया साथ ही प्रत्येक विद्यालय को प्राप्त प्रेरणा सूचीध्तालिकाध्लक्ष्य,शिक्षक डायरी और आधारशिला संदर्शिका क्रियान्वन व कक्षा 1,2,3 के लिए दी गई सहज पुस्तक की विस्तृत जानकारी दीं।बैठक में उपस्थित सभी अध्यापकों को एसआरजी शिवकुमार चौधरी व एआरपी राजकिशोर सिंह एवं राम प्रह्लाद वर्मा ,शिक्षक संकुल राजेश वर्मा, बाबूलाल मौर्य, पंकज विश्वास, सुरेश चंद्र पाल व अनुपम गुप्ता द्वारा प्रेरक ब्लॉक बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# सत्ता में आयी बीजेपी सरकार ने सपा सरकार की चलाई गई सभी जनहित की योजनाओं को बंद कर दिया– सुरेश यादव

संवाददाता

बाराबंकी। विकास खंड बंकी की ग्राम बरौली में सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव के द्वारा अपने निजी पैसे से निशुल्क आंखो की जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक धर्मराज ने अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमे सर्वसमाज का हित निहित है।समाजवादी पार्टी ने हमेशा समाज के शोषित वंचित लोगो का काम किया है।पूर्व की सपा सरकार में समाज के अंतिम पायदान के लोगो की भलाई के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई थी जिससे समाज का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा था लेकिन सत्ता में आयी बीजेपी सरकार ने सपा सरकार की चलाई गई सभी जनहित की योजनाओं को बंद कर दिया। विधायक धर्मराज ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार देश के चंद बड़े पूंजीपतियों और विदेशी उद्योगपतियों की कठपुतली की सरकार है। जिसमे बीमा कंपनियों,टेलीकॉम, एयरपोर्ट, रेलवे, विद्युत सेक्टर,को बीमा बताकर अपने खास पूंजीपतियों के बेचने का काम कर रही है। केंद्र का नया कृषि कानून इसी का नमूना है। गाव गरीब किसान का हित सरकार के एजेंडे में शामिल नहीं है। इन सबके लिए सरकार के पास कोई कल्याणकारी योजनाएं नहीं है। इससे पहले शिविर का उद्घघाटन संयुक्त रूप से सपा उपाध्यक्ष मो सबाह,हुमायूं नईम खान ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर विनय कुमार यादव सदर विधानसभा अध्यक्ष,मो सबाह,जय किशन यादव,हुमायूं नईम खान,संग्राम यादव, अजय अवस्थी, संत बख्श यादव प्रधान, मो ईशा, दीपक गुप्ता,बाबुल मिश्रा, शिवा यादव,वीरेंद्र यादव,जसवंत यादव,मुन्ना सिंह यादव, गोलू यादव,युसूफ अब्दुल्ला समेत सैकड़ों ग्रामीण जन मौजूद रहे।




# बलहा विधायक ने चौपाल में सुनी ग्रामीणो की समस्याए

संवाददाता

बहराइच। विधानसभा बलहा के ग्राम पंचायत गायघाट में एक चौपाल का आयोजन हुआ द्यजिसमें मुख्य अतिथि बलहा विधायक सरोज सोनकर व विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि आलोक कुमार जिंदल रहे, चौपाल का आयोजन गायघाट सेक्टर अध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा व बूथ अध्यक्ष मुन्ना लाल जायसवाल द्वारा किया गया, कार्यक्रम का संचालक अम्बर लाल जायसवाल ने किया, चौपाल में बलहा विधायक सरोज सोनकर व प्रतिनिधि आलोक कुमार जिंदल का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया, कार्यकर्ताओं के स्वागत समारोह से गदगद विधायक ने गायघाट के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया, कार्यकर्ताओं ने गायघाट मे कीचड़ से मुक्ति दिलाने तथा रोड वा नाला निर्माण कराने के लिए विधायक का विशेष आभार जताया, विधायक सरोज सोनकर का माल्यार्पण महिला मोर्चा की अध्यक्ष शिमला जायसवाल ने किया,चौपाल को संबोधित करते हुए सरोज सोनकर ने चौपाल में मौजूद महिला पुरुष सहित सभी को वंदन करते हुए प्रशंसा की तथा केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी,उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं में जो भी भ्रष्टाचार करें या योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में बाधक बने उसकी शिकायत करिए, उसके ऊपर कठोर कार्यवाही की जाएगी उसको जेल तक पहुंचाया जाएगा, उन्होंने महिलाओं की उपस्थिति देखकर हर्ष जताते हुए पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया, किसान आंदोलन पर उन्होंने मोदी सरकार का स्पष्ट बहुमत रखते हुए किसान बिल के बारे में किसानों को समझाया तथा विपक्ष से भ्रमित ना होने की सलाह दी, उन्होंने कहा कि भोले–भाले किसानों को विपक्ष बरगला कर उन्हें आंदोलन में उतार कर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने का जो प्रयास कर रहा है, हमारी देव तुल्य जनता सब समझ रही है, प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए कहा कि प्रदेश की योगी व केंद्र की मोदी सरकार ने जितना विकास किया है 70 सालों में किसी सरकार ने नहीं किया है।

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली

संवाददाता
सुल्तानपुर। पखवाड़े भर पूर्व मूंगफली लदे ट्रक को लूटने के बाद चालक की हत्या किए जाने के मामले में शामिल बदमाशों से बृहस्पतिवार की सुबह पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इसमें दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जबकि बदमाशों की फायरिंग में एक सिपाही घायल हो गया। फायरिंग करते हुए भाग रहे दो अन्य बदमाशों को पुलिस ने धर दबोचा। मुठभेड़ में घायल सिपाही और दो बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार किए गए दो अन्य बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस ने लूटे गए ट्रक के साथ ही 146 बोरी मूंगफली बरामद करने के साथ ही लूट में शामिल एक युवती को भी गिरफ्तार किया है। कोतवाली देहात थाने से चंद कदम की दूरी पर एक दिसंबर की सुबह झाड़ियों में एक शव पाया गया था। तीन दिसंबर की शाम को कानपुर के ट्रांसपोर्टर अनिल कुमार शर्मा ने शव की शिनाख्त केशकांत पुत्र भोला निवासी शेखूपुर पैलानी जिला बांदा मध्य प्रदेश के रूप में की थी। अनिल ने पुलिस को बताया था कि उनके ट्रांसपोर्ट के ट्रक को लेकर केशकांत 27 नवंबर को मूंगफली लादकर महोबा से गाजीपुर के लिए निकला था। पुलिस ने केशकांत के परिवारीजनों की तहरीर पर लूट के बाद हत्या का केस दर्ज किया



था। एसपी शिवहरी मीणा ने घटना के खुलासे के लिए स्वाट टीम के उपनिरीक्षक परमात्मा सिंह, कूरेभार एसओ मनबोध तिवारी, एसओ कोतवाली देहात देवेंद्र सिंह और हलियापुर एसओ मोहम्मद अरशद और धनपतगंज चौकी इंचार्ज महेंद्र कुमार की संयुक्त टीम बनाई थी। बृहस्पतिवार की सुबह स्वाट टीम के उपनिरीक्षक परमात्मा सिंह को सर्विलांस सेल के आरक्षी परनेश यादव ने सूचना दी कि कुछ बदमाश कूरेभार थाना क्षेत्र के नरहिया मोड़ के पास किसी घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे हैं। सूचना मिलते ही स्वाट टीम संयुक्त टीम को जानकारी देते हुए नरहिया मोड़ के पास पहुंच गई। पुलिस को देखते ही चार बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में आरक्षी असीम मलिक को गोली लग गई। आरक्षी के घायल होते ही संयुक्त टीम ने भी फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई, जबकि दो बदमाशों को पुलिस ने घेरकर दबोच लिया। बदमाशों के पास से दो तमंचा और कारतूस बरामद किया गया।
घायल आरक्षी असीम मलिक, बदमाश अमित सिंह निवासी पीरो सरैया थाना कूरेभार और साबिर निवासी बल्दीराय को पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया। पकड़े गए बदमाश सुमित और रामजी साहू उर्फ जेठू निवासी पीरो सरैया थाना कूरेभार को पुलिस ने गिरफ्तार करके पूछताछ की। एसपी शिवहरी मीणा ने बताया कि गिरफ्तार गिए गए सुमित ने बताया कि लूटा गया ट्रक और मूंगफली रामजी साहू के घर पर है।
पुलिस रामजी साहू को हिरासत में लेकर उसके घर पहुंची तो ट्रक और 146 बोरी मूंगफली मिल गई। लूट की इस वारदात में गिरफ्तार किए गए बदमाशों के साथ प्रीती निवासी पीरो सरैया थाना बल्दीराय भी शामिल थी। एसपी ने बताया कि प्रीती ने ही केशकांत के ट्रक को हाथ देकर लिफ्ट लेने के बहाने रोका था। रास्ते में सभी ने गमछे से केशकांत का गला घोटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने प्रीती को भी गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य बदमाश अभी फरार है, जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# किसान आंदोलन में यूपी के किसान नहीं शामिल: मेनका

संवाददाता
सुल्तानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका गांधी ने कहा कि यूपी के किसानों को केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार पर विश्वास है, इसीलिए किसान आंदोलन में यूपी के किसान शामिल नहीं हैं। कृषि कानूनों की सराहना करते हुए उन्होंने इसे किसानों के लिए लाभकारी बताया। कहा कि हम किसानों का विश्वास नहीं तोड़ सकते। सरकार किसानों की आयु दोगुनी करने के लिए कृत संकल्प है। बृहस्पतिवार को दिशा कमेटी की बैठक के बाद वे पत्रकारों से बातचीत कर रहीं थी। इसके पहले बृहस्पतिवार को विकास भवन में आयोजित दिशा कमेटी की बैठक में सांसद ने केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली। केंद्रीय योजनाओं के कार्यों में सुस्ती पर सांसद ने डीडी कृषि, जलनिगम, नहर विभाग के अधिशाषी अभियंताओं, डीपीआरओ, डीसी मनरेगा, डीएफओ को फटकार लगाई। जल निगम के कार्य में सुस्ती पर तो सांसद ने स्वयं हाथ जोड़ लिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्रों को आवास का लाभ तुरंत उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को भ्रष्ट ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी पर कड़ी कार्रवाई करने व



अगली बैठक में पूरी जानकारी देने का निर्देश दिया है। सड़कों की दशा सुधारने का निर्देश पीडब्ल्यूडी को दिया है। साथ ही शहर की निर्माणाधीन तीनों मार्गों का कार्य जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। विद्युत वितरण मंडल के कार्यों की सांसद ने सराहना की। कहा कि इस बीच शिकायतें कम हुई हैं। बैठक में लंभुआ विधायक देवमणि द्विवेदी व शहर विधायक सूर्यभान सिंह ने बिजली संबंधी कुछ दिक्कतों का प्रकरण उठाया। सांसद ने उसे पूरा कराने का निर्देश अधीक्षण अभियंता को दिया है। बैठक में कादीपुर विधायक राजेश गौतम, इसौली के सपा विधायक अबरार अहमद, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह समेत कई ब्लॉक प्रमुख, दिशा कमेटी के सदस्य व अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, पुलिस अधीक्षक शिवहरी मीणा व मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स ने सांसद का स्वागत करते हुए उन्हें जानकारी दी। डीएम ने सांसद को सुस्त कार्यों में तेजी लाने का आश्वासन दिया। विकास भवन से निकलते हुए सांसद ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक नमो वन व शहर के प्रत्येक वार्ड स्थापित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।
सांसद ने जोगीवीर, कंधईपुर व ओदरा गांव में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और निस्तारण का निर्देश दिया। चौपाल में कृषि कानूनों को किसानों के लिए फायदेमंद बताया। उन्होंने रुदौली गांव में मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स के साथ समूह की महिलाओं की ओर से की जा रही मेहंदी की खेती का शुभारंभ किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार, प्रवीण अग्रवाल, श्याम बहादुर पांडेय, विजय त्रिपाठी, शशीकांत पांडेय, संदीप सिंह, संजय सिंह सोमवंशी, अरुण द्विवेदी मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि शाम को सांसद सड़क मार्ग से होते हुए दिल्ली के लिए वापस हो गईं।

# सीएचसी में चिकित्सक और सिपाही में हाथापाई

संवाददाता
दोस्तपुर (सुल्तानपुर)। दुर्घटना में घायल दंपती को लेकर सीएचसी पहुंचे पीआरवी के सिपाही और चिकित्सक के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट से नाराज चिकित्सक और अन्य स्टाफ ने कार्य बहिष्कार कर दिया। ऐसे में घायल दंपती को इलाज के लिए दूसरे स्थान पर ले जाया गया। चिकित्सक ने सिपाही के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बिरसिंहपुर निवासी सौरभ (25) बृहस्पतिवार को अपनी पत्नी को बाइक पर बैठाकर रिश्तेदारी जा रहे थे। रास्ते में दोस्तपुर थाना क्षेत्र के सिकिया चौराहे के पास बाइक को पिकअप ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में सौरभ और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पीआरवी पर तैनात राम निधि यादव मौके पर पहुंच गए और घायल दंपती को उठाकर वाहन से लेकर दोस्तपुर सीएचसी पहुंचे। दोस्तपुर सीएचसी के आकस्मिक कक्ष में मौजूद चिकित्सक डॉ. आज्ञाराम यादव को सिपाही ने पूरी घटना बताते हुए उपचार करने को कहा। इसी बीच किसी बात को लेकर चिकित्सक और सिपाही के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच मारपीट भी होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह से मामला शांत कराया। इस बीच सिपाही दंपती की गंभीर हालत को देखते हुए किसी अन्य स्वास्थ्य केंद्र पर ले गया। उधर, मारपीट से नाराज चिकित्सक डॉ. आज्ञाराम और अन्य स्टाफ ने कार्य बहिष्कार करते हुए चिकित्सीय सेवा बंद कर दी। चिकित्सक ने सिपाही के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए थाने में तहरीर दी है। इस बाबत एसओ यादुर्वेंद्र पाल ने बताया कि उन्हें तहरीर मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पूर्व सांसद सत्यदेव सिंह का सुल्तानपुर से रहा गहरा नाता

संवाददाता
सुल्तानपुर। दिवंगत पूर्व सांसद सत्यदेव सिंह का जिले से भी गहरा नाता रहा है। 1999 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में उनका नामांकन खारिज होना जिले की सियासत की अभूतपूर्व घटनाओं में शुमार है। भाजपाइयों के जेहन में आज भी उस घटना की स्मृतियां ताजा हैं, जब एक झटके में उनका दल बिना मैदान में उतरे ही समर से बाहर हो गया था। तत्कालीन परिस्थितियों में काडर बेस कार्यकर्ताओं तक के सामने यह चुनौती आ खड़ी हुई थी कि आखिर वे वोट किसे करें। बदले परिदृश्य व बनते–बिगड़ते समीकरणों के बीच बसपा प्रत्याशी जयभद्र सिंह सांसद निर्वाचित हो गए थे जबकि जेल में रहते हुए पूर्व विधायक पवन पांडेय ने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी सवा लाख से अधिक मत हासिल कर राजनीति में अपनी धमक बनाई थी। जिले की सियासत में लोकसभा चुनाव 1999 की चर्चा भाजपा नेता सत्यदेव सिंह के जिक्र के बिना कभी पूरी नहीं होगी। उस चुनाव में भाजपा ने लगातार दो बार सांसद रहे डीबी राय के बजाय संघ से गहरे जुड़े सत्यदेव सिंह को मैदान में उतारा था। उनके नामांकन के बाद भाजपाई खेमे में उनकी जीत की बड़ी संभावनाएं जताई जा रही थीं। पर, एक झटके में भाजपा की उम्मीदों पर पानी फिर गया। जांच में सत्यदेव सिंह का नामांकन ही खारिज हो गया। इस घटना से सियासी हलके में सनसनी फैल गई। पक्ष–विपक्ष दोनों खेमों के लिए किसी बड़े दल के प्रत्याशी का नामांकन खारिज होना अभूतपूर्व घटना थी। देखते ही देखते बनते समीकरण बिगड़ गए और बिगड़ते गणित की गुत्थी सुलझती नजर आने लगी। बदले परिदृश्य में सबसे बड़ी चुनौती भाजपा के काडर बेस कार्यकर्ताओं के सामने आ खड़ी हुई। किसी का प्रचार तो दूर, उनकी समझ में यह तक नहीं आ रहा था कि आखिर वे वोट किसे करें।
इस उहापोह की स्थिति में बसपा प्रत्याशी जयभद्र सिंह ने मात्र 14 हजार मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। जयभद्र सिंह को एक लाख 73 हजार, जबकि दूसरे स्थान पर रहे सपा प्रत्याशी रामलखन वर्मा को एक लाख 59 हजार वोट मिले थे। जेल में रहकर बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लडने वाले पूर्व विधायक पवन पांडेय ने एक लाख 29 वोट हासिल कर सबको चौंका दिया था। उस चुनाव के बाद सत्यदेव सिंह को भाजपा ने जिले में दोबारा मौका नहीं दिया लेकिन यहां उनका आना–जाना लगा रहा।

# माइनर कटने से 200 बीघा फसल जलमग्न

संवाददाता
भदैंया (सुलतानपुर)। सिंचाई खंड से संचालित लाखीपुर माइनर की पटरी में पूरे बाघराय गांव के पास बुधवार की देर रात कटान हो गई। माइनर की पटरी कटने से पूरी रात पानी बहता रहा। ग्रामीणों ने रात में ही इसकी सूचना सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना के बाद भी कोई मौके पर नहीं पहुंचा। इससे आसपास की करीब 200 बीघा फसल जलमग्न हो गई। बृहस्पतिवार को सिंचाई कर्मी मौके पर पहुंचे और कटान बांधने का प्रयास शुरू किया। सिंचाई खंड की ओर से भदैंया, लंभुआ व पीपी कमैचा विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत नहरों व माइनरों का संचालन किया जा रहा है। बुधवार की रात पानी छोड़े जाने के बाद भदैंया विकास खंड की लाखीपुर माइनर की पटरी में पूरे बाघराय गांव के पास अचानक कटान हो गई। कटान से माइनर के पानी का बहाव आसपास के खेतों की ओर हो गया। माइनर की पटरी में कटान होने की सूचना किसानों ने रात में ही सिंचाई खंड के अधिकारियों को दी लेकिन कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। पूरी रात माइनर का पानी खेतों में बहता रहा। बृहस्पतिवार की भोर तक माइनर की पटरी के आसपास की करीब 200 बीघा फसल पूरी तरह जलमग्न हो गई। किसानों ने बताया कि पानी से खेतों में बोई गई गेहूं, चना मटर, सरसों, आलू समेत अन्य फसलें पानी में डूब गई हैं। किसानों का आरोप है कि सिल्ट सफाई का कार्य सही ढंग से नहीं कराने के कारण कटान हुई है। बृहस्पतिवार को सिंचाई कर्मी मौके पर पहुंचे और कटान स्थल को बांधने का काम शुरू किया। सिंचाई खंड के अधिशासी अभियंता योगेश कुमार ने बताया कि वे एक केस के सिलसिले में हाईकोर्ट में हैं। जेई को कटान बांधने का निर्देश दिया गया है। माइनर कटने से पूरे बाघराय गांव के हरिकांत मिश्रा, राम शिरोमणि मिश्रा, नन्हेलाल मिश्र, हरीश मिश्र, महादेव, अच्छेलाल, प्रेमनरायन, कृष्ण नरायन, संजय सिह, बदलू सिंह, रमाशंकर मिश्र, सुजीत सिंह, बृजभान सिंह, लल्लू सिंह, राजकुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, राम शुक्ल, गुड्डू सिंह, राजू सिंह, बंटी मिश्र, रोहित सिंह सहित अन्य किसानों की करीब 200 बीघा फसल डूबी है। कुछ किसानों ने हाल ही में नलकूपों से फसल की सिंचाई की थी। उनकी फसल बर्बाद हो जाएगी। माइनर की पटरी कटने की जानकारी बृहस्पतिवार की सुबह मिली। कटान स्थल को बांधने का कार्य शुरू करा दिया गया है। सींचपाल व अन्य सिंचाई कर्मियों को लगा दिया गया है। जल्द की कटान को बांध लिया जाएगा। कटान के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# पछुआ हवा ने बढ़ाई गलन, परेशान रहे लोग

संवाददाता
सुल्तानपुर। जिले में बृहस्पतिवार को चल रही तेज पछुआ हवा ने गलन बढ़ा दी है। गलन भरी ठंड होने से न्यूनतम तापमान गिरकर 6.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। तापमान में गिरावट से लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा। दिन में धूप निकलने पर लोगों को कुछ राहत मिली। शाम होते ही फिर गलन भरी ठंड होने लगी। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में तापमान में गिरावट से ठंड बढ़ने का अनुमान लगाया है। बृहस्पतिवार को सुबह के समय चल रही तेज पछुआ हवा ने गलन भरी ठंड बढ़ा दी। सुबह के दौरान लोगों को गलन भरी ठंड का सामना करना पड़ा। गलन भरी ठंड से बचाव के लिए लोगों ने गर्म कपड़ों व अलाव का सहारा लिया। पछुआ हवा के कारण हो रही गलन भरी ठंड से न्यूनतम तापमान गिरकर 6.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। हालांकि, धूप निकल आने से लोगों को गलन भरी ठंड से थोड़ी राहत मिल गई। जगह–जगह इकट्ठा होकर लोगों ने धूप का आनंद उठाया। शाम होते ही एक बार फिर गलन भरी ठंड होने लगी। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में तापमान में गिरावट आने से ठंड बढ़ने का अनुमान लगाया है। आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के पर्यवेक्षक अमरनाथ मिश्र ने बताया कि बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 6.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम में आर्द्रता (नमी) 80–45 फीसदी रही। उत्तरी–पछुवा हवा की गति 5.0 किमीध् घंटे रिकॉर्ड की गई है।

# शीतलहरी से कांपा बेल्हा शहर, घरों में दुबके रहे लोग

## – न्यूनतम 7 डिग्री व अधिकतम 19 डिग्री रहा तापमान



संवाददाता
प्रतापगढ़। धूप निकलने के बाद भी आज दिन भर चली ठंडी हवाओं से लोग असहज महसूस कर रहे थे। धूप का असर कम होने से अधिकतम तापमान भी 19 डिग्री से अधिक नहीं बढ़ पाया और ठंडी हवाओं का असर यह रहा कि न्यूनतम तापमान 7 डिग्री पहुंच गया है। शुक्रवार को लोग दोपहर में धूप निकलने के बावजूद कान व शरीर को पूरी तरह से ढककर चल रहे थे। ठंडी हवाओं के थपेड़े लोगों को असहज कर रहे थे। बता दें कि मौसम विभाग ने भी शीतलहरी के चलने का अंदेशा जाहिर किया था। मौसम विभाग ने चेतावनी दी कि पहाड़ों पर बर्फबारी होने से मौसम एक सप्ताह तक ठंडा रहेगा। इसमें जरा सा भी लापरवाही करने पर लोग सर्दी जुखाम से पीड़ित हो रहे हैं। गरम कपड़े की दुकानें सज गई हैं। इस समय दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। टोपी, मफलर, जैकेट की खरीदारी अधिक हो रही है। लोगों का अनुमान है कि कोहरा और ठंड का प्रकोप नये वर्ष में मकर संक्रान्ति यानि 14 जनवरी तक रहेगा।

# एटीएम कार्ड का क्लोन बनाकर फ्राड करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

## – 273200 रूपये, दो लैपटाप, एक कार सहित कई सामान बरामद

संवाददाता
प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन में थाना लालगंज पुलिस व स्वाट टीम के द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर एटीएम का क्लोन तैयार कर फ्रॉड करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को थाना क्षेत्र लालगंज के इन्द्रा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लैपटाप मय चार्जर, सात मोबाइल फोन, एक मशीन, 44 एटीएम/ब्लैंक कार्ड, दो आधार कार्ड तथा 273200 रु0 नगद एक डिजायर कार बरामद की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों में अखिलेश पाल पुत्र नन्हे लाल पाल निवासी रामगढ़ रैला पकड़िया, थाना लालगंज, राहुल पाल पुत्र अनिल पाल निवासी टिकरी थाना मांधाता, रामू भारती उर्फ आदित्य पुत्र दयाराम निवासी खपरिया थाना हंडिया, जनपद प्रयागराज, रमा शंकर उर्फ बब्बू पुत्र उमा शंकर चौहान निवास गनेशीपुर थाना हंडिया जनपद प्रयागराज, अजय यादव उर्फ जोखू पुत्र तेजबली



निवासी रमईपुर बजहामिश्रान थाना हंडिया, जनपद प्रयागराज शामिल हैं। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम लोगों का एक गिरोह है। हम लोग, लोगों को झांसा देकर उनका एटीएम कार्ड हथिया कर फर्जी तरीके से कार्ड का क्लोन तैयार कर उन लोगों के खाते से पैसे निकाल लेते हैं।

हम लोग ऐसे एटीएम बूथ को निशाना बनाते हैं, जहां पर गार्ड नियुक्त न हो और ऐसे लोगों का एटीएम कार्ड हथियाने का प्रयास करते हैं जो ग्रामीण परिवेश के व कम पढ़े–लिखे हों।

पुलिस ने इनके खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस टीम में प्र0नि0 संजय कुमार यादव, उ0नि0 रामधार सिंह, उ0नि0 राजेश कुमार, उ0नि0 सुनील राय, हे0कां0 संगमलाल उपाध्याय, कां0 लालबाबू व कां0 कुलदीप मय हमराह थाना लालगंज व उ0नि0 प्रमोद सिंह, का0 राजेन्द्र कुमार, कां0 सत्यम यादव, कां0 जागीर व कां0 अरविन्द दुबे स्वाट टीम, प्रतापगढ़ शामिल रहे।

# लूट के मोबाइल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार, असलहा के साथ युवक गिरफ्तार

संवाददाता
प्रतापगढ़। थाना क्षेत्र जेठवारा के उमरी नाला के पास से एक व्यक्ति राजकुमार पटेल पुत्र काशीराम निवासी उमरी बुजुर्ग थाना जेठवारा से तीन व्यक्तियों द्वारा उसका मोबाइल छीनकर भागने का प्रयास किया गया, इस पर राजकुमार पटेल के शोर मचाने पर आसपास के लोगों द्वारा उक्त तीनों व्यक्तियों में से एक व्यक्ति को मौके पर पकड़ लिया गया तथा दो व्यक्ति अपनी मोटर साइकिल से भाग निकले। पकड़े हुए व्यक्ति ने अपना नाम इरफान पुत्र मो0 रशीद निवासी करमचंदपुर थाना जेठवारा बताया व मौके से फरार अपने साथियों का नाम शहजाद पुत्र रजब निवासी त्रिलोकपुर थाना बाघराय व अनस पुत्र मो0 हनीफ निवासी करमचंदपुर थाना जेठवारा बताया। गांव वालों द्वारा थाना जेठवारा आकर उक्त अभियुक्त इरफान को पुलिस को सुपुर्द किया गया। पुलिस द्वारा अभियुक्त इरफान को हिरासत में लेकर उसके पास से लूट का एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। इस संबंध में थाना स्थानीय पर वादी राजकुमार पटेल उपर्युक्त की तहरीर पर मु0अ0सं0 580/20 धारा 392, 411 भादंवि का अभियोग उक्त तीनों अभियुक्तों के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। बाघराय संवाददाता के मुताबिक हथिगवां पुलिस के हत्थे असलहे से लैस बदमाश चढ़ा। हथिगवां एस.ओ उदय त्रिपाठी और एसआइ सूर्य प्रताप सिंह ने मुखबिर की सूचना पर बिछाया जाल तो पिस्टलधारी बदमाश धराया। जहानाबाद ओवरब्रिज के नीचे से प्रयागराज का शातिर बदमाश महेंद्र यादव पकड़ में आया। वर्ष 2016 में चोरी और हत्या के मामले में वह जेल जा चुका है।

# ट्रैक्टर से गिरक युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

संवाददाता
प्रतापगढ़। जेठवारा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी मुन्ना प्रजापति (28) वर्ष पुत्र हरी लाल प्रजापति की ट्रैक्टर से गिरकर मौत हो गई। पत्नी संगीता की सूचना पर मान्धाता पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
गुरुवार की दोपहर जगदीशपुर गांव के निवासी दीपक पटेल पुत्र संतराम पटेल अपने ट्रैक्टर से मिक्सर मशीन खींचकर मांधाता थाना क्षेत्र के सीधा पुर गांव में मकान की छत डालने जा रहे थे। ट्रैक्टर पर बैठा मजदूर मुन्ना लाल प्रजापति अचानक गिर गया और मिक्सर मशीन के पहिए के नीचे दब गया। आनन–फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ट्रैक्टर चालक शव को लेकर वापस आ गया और मृतक के परिजनों से कुछ ले देकर मामले को खत्म करने की बात करने लगा, लेकिन परिजन समझौता करने को राजी नहीं हुए। मृतक की पत्नी संगीता की सूचना पर मानधाता पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण कराया। घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पत्नी संगीता और उसकी तीन बेटियों व बेटे का रो–रो कर बुरा हाल है।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष बने फिरोज कुरैशी

संवाददाता
प्रतापगढ़। उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग द्वारा जिले के लिये जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग का फिरोज कुरैशी को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह जानकारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्र ने देते हुए बताया कि जिले में अल्पसंख्यक समाज के लोगों को पार्टी से जोड़ने व उनमें विश्वास पैदा करने का कार्य करेंगे। इस दौरान फिरोज कुरैशी ने कहा कि कुछ ताकतें अल्पसंख्यक समुदाय को तोड़ने में लगी हैं, हम सभी कांग्रेसजन इसका डटकर मुकाबला करेंगे।

# कोरोना वैक्सीन के वितरण के लिये मास्टर ट्रेनरों ने अधीक्षकों को किया प्रशिक्षित

## – सीएमओ कार्यालय पर सीएमओ की उपस्थिति में चला प्रशिक्षण

संवाददाता, प्रतापगढ़। कोरोना वैक्सीन को जन–जन तक पहुंचाने के लिये स्वास्थ्य विभाग जुट गया है। शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में चार मास्टर ट्रेनरों ने मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द श्रीवास्तव की उपस्थिति में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षकों को प्रशिक्षित किया। यह प्रशिक्षण शुक्रवार को दिन में लगभग 12 बजे शुरु हुआ जो शाम पांच बजे तक चलता रहा। सीएचसी और पीएचसी के ये अधीक्षक अपने अस्पतालों में जाकर अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। बताया जाता है कि कोरोना वैक्सीन को हर ब्लाक मुख्यालय पर रखने की व्यवस्था की जा रही है जहां से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को भेजकर वहां लोगों को वैक्सीनेशन किया जाएगा। कोरोना वैक्सीन आने के पहले स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही कसरत से जाहिर होता है कि अब कोरोना वैक्सीन आने में देर नहीं है। वैसे कोरोना भी अब अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। ऐसे में यह टीका कोरोना से मुक्ति दिलाएगा या नहीं? यह तो समय बताएगा, लेकिन लोगों को अपने देश की कोरोना वैक्सीन से बड़ी उम्मीदें हैं।

# शिव भक्तहैं तो जरूर दर्शन करें लखनऊ शहर के प्रसिद्ध शिवालयों के

एजेंसी
भगवान शिव के विषय में यह बात प्रचलित है कि वो बहुत जल्दी अपने भक्तों से प्रसन्न हो जाते हैं। उन्हें प्रसन्न करने के लिए किसी विशेष आयोजन की जरुरत भी नहीं पड़ती है। कोई सच्चा भक्त अगर सोमवार के दिन सच्चे मन से भगवान शिव की आराधना ही कर ले तो उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। यही कारण है कि हर शहर में, गाँव में छोटा–बड़ा शिवालय आपको मिल ही जायेगा।
ऐसे में आज हम आपको नवाबों के शहर लखनऊ स्थित शिवालयों के बारे में बताएंगे, जिनकी महिमा अपरम्पार है।

श्री कोनेश्वर महादेव
लखनऊ के गोमती नदी के तट पर श्कौण्डिन्य घाट‍श है, जिसे कुड़िया घाट भी कहा जाता है। यह स्थान प्राचीन समय में कौण्डिन्य ऋषि का आश्रम था, इसलिए इसे कौण्डिन्य घाट के नाम से जाना जाता है। ऋषि के आश्रम के पास ही श्कोनेश्वर महादेव‍श का मंदिर स्थित है। इस मंदिर को स्थानीय लोग को कोनेश्वर शिवाला के नाम से जानते हैं। कहा जाता है कि यह शिवाला स्वयंभू शिवलिंग वाले शिव का स्थान है और इस मंदिर में स्थित शिवलिंग सदियों पुराना है। इस मंदिर का शिवलिंग



जमीन के नीचे भी उतना ही धंसा हुआ है, जितना ऊपर दिखता है। इसके साथ ही यह खंडित शिवलिंग अपनी प्राचीनता और भव्यता की गाथा स्वयं बताता है।

बड़ा शिवाला
लखनऊ के रानी कटरा स्थित बड़ा शिवाला शिव भक्तों को अपनी ओर बखूबी आकर्षित करता है। बता दें कि रानी कटरा हिंदुओं की घनी आबादी वाला क्षेत्र है और यहीं कश्मीरियों द्वारा निर्मित यह मंदिर भी है जिसे श्बड़ा शिवालाश के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर में स्थित सहस्त्र लिंग प्रतिमा सारे भारत में कहीं और आपको देखने को नहीं मिलेगी। वहीं कश्मीरी लोगों द्वारा निर्मित किए जाने की वजह से इस मंदिर के प्रांगण में आपको श्संकटा देवीश, जो कि कश्मीरियों की आराध्य देवी हैं, उनकी भी एक प्रतिमा दिखेगी और ठाकुर द्वारे में शिव–पार्वती की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस मंदिर को लेकर कहा जाता है कि यह 9वीं सदी से पहले का निर्मित है।

मनकामेश्वर मंदिर
गोमती नदी के ही तट पर बायीं तरफ मनकामेश्वर महादेव के मंदिर की स्थापना की गई है। यह मंदिर बेहद प्राचीन है और इसकी महत्ता भी इसीलिए बहुत है। इस मंदिर के शिखर पर 33 स्वर्ण कलश स्थापित किए गए हैं, तो वहीं इस मंदिर की स्थापना के विषय में कहा जाता है कि प्राचीन समय में राजा हिरण्यधनु ने जब अपने शत्रु पर विजय प्राप्त की तो उसी की खुशी में उन्होंने श्मनकामेश्वर मंदिरश की स्थापना की।

देवरानी–जेठानी शिवाला
लखनऊ में स्थित इन दोनों शिवालयों को लेकर लोगों में बहुत क्रेज है और कहा जाता है कि इन दोनों मंदिरों का निर्माण किसी राजघराने की दो बहुएं जो आपस में देवरानी–जेठानी लगती थीं, ने करवाया। इसी कारण इस मंदिर का नाम देवरानी–जेठानी शिवाला पड़ गया। बता दें कि यह मंदिर मोहान रोड के बाएं और सरोसा–भरोसा नाम के मशहूर गांव में है। इसके पास ही नकटी बावली है और उसी के पीछे इस सुंदर शिव–मंदिर का निर्माण कराया गया है।

सिद्धनाथ जी का शिवाला
सिद्धनाथ मंदिर को लेकर कहा जाता है कि यह मंदिर मनोकामना को पूर्ण करने वाला मंदिर है। इस मंदिर में जो भी सच्चे मन से अपनी मनोकामना मांगता है और महामृत्युंजय का जाप करता है तो उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। यह मंदिर रकाबगंज से नक्खास जाने वाली नादान महल रोड पर स्थित है। इस मंदिर में लगे शिवलिंग के बारे में कहा जाता है कि यह शिवलिंग लंबे समय से भूमिगत था जिस पर लोगों की नजर पड़ी और स्वयंभू शिवलिंग को स्वयंभू विग्रह की तरह स्थापित कर दिया गया। तभी से यह मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। इन मंदिरों के अलावा भी लखनऊ में आपको कई शिव मंदिर मिलेंगे, जिनमें लोगों की आस्था अपरम्पार है। इनमें प्रमुख नाम हैं श्री बुद्धेश्वर महादेव, श्रीकल्याणगिरि मंदिर, महाराजा बालकृष्ण का शिवाला, सोनी शाह का शिवाला आदि। तो अगर आप लखनऊ जाएँ तो इन शिव मंदिरों में दर्शन–पूजन करना न भूलें।

# नारी भावनाओं की एक सशक्तअभिव्यक्तिथीं अभिनेत्री नूतन

एजेंसी
बतौर अभिनेत्री महज 14 साल की उम्र में नूतन ने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरूआत कर दी थी। 1950 में बनी 'हमारी बेटी' उनकी पहली फिल्म थी जिसका प्रोडक्शन मां शोभना समर्थ ने किया था। इसके बाद 1951 में नूतन ने निर्देशक रवि दवे की फिल्म 'नगीना' में काम किया। हिन्दी सिनेमा जगत में पारम्परिक भारतीय नारी की छवि की बात करे तो जो आकृति उभर कर सामने आती है वो अभिनेत्री थीं नूतन! सादगी की प्रतिमूर्त, चेहरे पर सौम्य मुस्कान वाली नूतन अपने दौर की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से थीं। जब भारतीय सिनेमा अपने पैरों पर खड़ा ही हुआ था एक पतिव्रता नारी, आदर्श बहू और नारी व्यथा व संघर्ष की प्रतिमूर्ति बन चुकी नूतन ने चार दशक तक अपनी उपस्थिति सफलता पूर्वक दर्ज कराई। उनका जन्म 4 जून 1936 को मुंबई में हुआ था। नूतन की पारिवारिक पृष्ठभूमि फिल्मी थी, उनके पिता कुमार सेन समर्थ फिल्मों के निर्देशक थे और मां शोभना समर्थ मशहूर अभिनेत्री। नूतन की नानी रतन बाई भी एक अभिनेत्री और गायिका थीं उन्होंने 1936 में बनीं फिल्म भारत की बेटी में अभिनय के साथ–साथ एक भजन भी गाया था जिसे उन्होंने स्वयं ही लिखा भी था। नूतन की तीन बहिनें थीं तनूजा, चतुरा और रेशमा। नूतन के साथ–साथ उनकी बहिन तनूजा भी हिन्दी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री रही है, इतना ही नहीं तनूजा की बेटी काजोल भी आज की सफल अभिनेत्री हैं और नूतन के बेटे मोहनीश बहल भी बॉलीवुड का एक जाना–पहचाना नाम है।

नूतन ने काफी छोटी उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। मात्र आठ साल की उम्र में उन्होंने अपने पिता के निर्देशन में बनी फिल्म 'नल–दमयंती' में बतौर बाल कलाकार काम किया। बचपन में नूतन काफी दुबली–पतली और सांवरी थीं किन्तु कभी भी उन्होंने अपने सांवरेपन को काम्पलेक्स नहीं बनने दिया उनके सांवरेपन को लेकर कई बार उनके परिवार में कोई उन्हें कुछ कहता भी था तो उनका जवाब होता था कि कृष्ण कन्हैया भी तो सांवरे थे। बतौर अभिनेत्री महज 14 साल की उम्र में नूतन ने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरूआत कर दी थी। 1950 में बनी 'हमारी बेटी' उनकी पहली फिल्म थी जिसका प्रोडक्शन मां शोभना समर्थ ने किया था। इसके बाद 1951 में नूतन ने निर्देशक रवि दवे की फिल्म 'नगीना' में काम किया जो रोमांस और क्राइम सस्पेंस पर आधारित थी, जिसे सेंसर बोर्ड ने एडल्ट सर्टिफिकेट दिया था। इस फिल्म के साथ नूतन का एक किस्सा जुड़ा है। नूतन जब इस फिल्म को पिक्चर हॉल में देखने गईं तो वॉचमैन ने उन्हें यह कहकर बाहर ही रोक दिया कि यह एडल्ट फिल्म है, उम्र छोटी होने के चलते आप यह फिल्म नहीं देख सकती।

नूतन 1952 में मिस इंडिया बनीं। मिस इंडिया के इसी समारोह में नूतन को मिस मसूरी का ताज भी पहनाया गया था। तब वह मात्र 16 बरस की थीं।

इस बीच हमलोग, शीशम, शवाब, और हीर जैसी उनकी कुछ फिल्में आईं जिनमें उन्हें कुछ खास पहचान नहीं मिल पाई किन्तु 1955 में बनी फिल्म 'सीमा' में उन्होंने अपने शानदार अभिनय से खूब वाह–वाही बटौरी। इस फिल्म में उनके दमदार अभिनय के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ फिल्म अभिनेत्री का पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।

फिल्मों में अभिनय की शिक्षा नूतन ने स्विटजरलैंड में ली, इसके अलावा उन्होंने कथक डांस और संगीत की शिक्षा भी प्राप्त की



थी। संगीत के सुरों की समझ और मीठी आवाज के चलते उन्होंने अपनी कुछ फिल्मों हमारी बेटी, छबीली, और पेइंग गेस्ट में खुद की आवाज में गाने भी गाए।

फिल्म सीमा के बाद नूतन की कामयाबी का सिलसिला रूका नहीं। इस फिल्म के बाद उनकी दो और बेहतरीन फिल्में 'पेइंगगेस्ट' और 'बंदिनी' आईं जिन्होंने उन्हें हिन्दी सिनेमा जगत में पुख्ता रूप से स्थापित कर दिया। 1958 में बनी 'दिल्ली का ठग' ने नूतन का नाम टॉप अभिनेत्रियों में ला दिया था। इस फिल्म में नूतन एक तैराक के रोल में थीं जिसमें उन्होंने स्विमिंग कॉस्ट्यूम पहना था, 50 के दशक में अभिनेत्रियां जहां साड़ी में ही नजर आया करती थीं नूतन पहली एक्ट्रेस थीं जिन्होंने उस समय में स्विमिंग सूट पहनकर दर्शकों को चौंका दिया, वहीं अपनी अगली फिल्म बारिश में भी नूतन के कई बोल्ड सीन दिए किन्तु दर्शकों में इसकी आलोचना के बाद उन्होंने फिल्म बंदिनी और सुजाता में अपने मर्मस्पर्शी अभिनय से अपनी उस बोल्ड अभिनेत्री की छवि को बदल लिया। नूतन जब कॅरियर की बुलंदियों पर थीं उन्होंने साल 1959 में नेवी के लेफ्टिनेंट कमांडर रजनीश बहल से शादी की।

नूतन की सुपर हिट फिल्मों की लिस्ट लंबी है जिनमें सुजाता, पेइंग गेस्ट, सीमा, बंदिनी, सरस्वती चंद्र, मिलन, और मैं तुलसी तेरे आंगन की जैसी उनकी बेहतरीन अदाकारी वाली फिल्में शामिल है। सुजाता, बंदनी और सीमा नूतन के जीवन की लीजेंड फिल्में थीं तो 'बंदिनी' उनके कॅरियर की मील का पत्थर थी। इनके अलावा नूतन ने 'छलिया', 'भाई–बहिन', 'गौरी', 'खानदान' 'देवी', सौदागर' सहित लगभग 70 फिल्मों में काम किया।

फिल्म 'सुजाता' में नूतन ने एक अछूत लड़की की भूमिका निभाई थी, इस फिल्म में उनके संवाद तो कम थे, लेकिन चेहरे और आंखों से उन्होंने जो भाव व्यक्त किए कि संवादों की जरूरत ही नहीं पड़ी।

नूतन को फिल्मों में उनकी उत्कृष्ट भूमिकाओं के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उनके बेस्ट अभिनय के लिए उन्हें पांच बार फिल्म फेयर अवार्ड प्राप्त हुए। 'सीमा', 'सुजाता', 'बंदनी', 'मिलन', और 'मैं तुलसी तेरे आंगन' की उनकी अवार्ड विनिंग फिल्में थीं।

अस्सी के दशक में नूतन ने चरित्र भूमिकाएं निभाई। 'मेरी जंग' और 'कर्मा' में मां के रोल में उनकी काफी सराहनीय भूमिका रही। 'मेरी जंग' में उनके सशक्त अभिनय के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

21 फरवरी 1991 नूतन के जीवन का दुःखद दिन था जब महज 54 साल की उम्र में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी के चलते उनका निधन हो गया। इस दुःस्साध्य बीमारी का पता नूतन को पहले ही चल गया था और उन्होंने यह बात अपने फिल्म मेकर्स से छुपाई नहीं बल्कि उनसे कहा कि अपनी शूटिंग जल्दी खत्म कर लीजिए क्योंकि मेरे पास वक्त कम है। गौरतलब है कि नूतन की कुछ फिल्में उनके निधन के बाद रिलीज हुईं। नूतन को उनकी बेस्ट अदाकारी के लिए 1974 में भारत सरकार द्वारा पद्मश्री अवार्ड से नवाजा गया।

# क्या आप भी मोजे पहनकर सोते हैं तो जान लें इसके फायदे और नुकसान

सर्दियों में ठंड से बचने के लिए हर कोई खुद का खास ध्यान रखता है। अच्छी डाइट के साथ कपड़ों को लेकर भी लोग काफी सतर्क रहते हैं। ऐसे में वे ज्यादा से ज्यादा गर्म कपड़े पहनते हैं। साथ ही पैरों को गर्म रखने के लिए मोजों का इस्तेमाल करते हैं। इससे ठंडी हवा से पैरों का बचाव होने के साथ आरामदायक नींद आने में मदद मिलती है। मगर बात अगर मोजे या जुराबें पहन कर सोने की करें तो इसे लेकर हर किसी के मन में अलग–अलग सवाल है। कई लोग इसे बिस्तर में पहनना फायदेमंद कहते हैं तो कई इसे नुकसानदायक मानते हैं। ऐसे में अगर आपके मन में भी इसे लेकर सवाल है तो चलिए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से...

तो चलिए पहले जानते हैं मोजे पहनकर सोने के फायदों के बारे में...

शरीर का तापमान रहेगा नियंत्रित
मौसम में बदलाव आने से इसका असर शरीर में भी देखने को मिलता है। इस तरह सर्दियों में मोजे पहनने से शरीर का तापमान सही रहने में मदद मिलती है। पैरों को गर्माहट मिलने से बॉडी रिलैक्स रहती है।



रक्तप्रवाह में सुधार
मोजे पहनने से पैरों को गर्माहट मिलती है। इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होने से शरीर में खून व ऑक्सीजन का प्रवाह सही तरीके से होता है। ऐसे में मांसपेशियों, दिल व फेफड़ों में मजबूती आती है।

अच्छी नींद दिलाए
अक्सर पैरों के ठंडा होने से नींद पूरी ना होने की शिकायत रहती है। मगर बिस्तर में मोजे पहनकर रखकर से अच्छी नींद आने में मदद मिलती है।

रायनौड का खतरा करे कम
यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर को ठंड लगने से पैरों की उंगलियां सुन्न होने लगती है। इसके कारण कई लोगों को पैरों में दर्द खुजली, जलन, सूजन की भी शिकायत हो जाती है। वैसे तो यह कोई गंभीर समस्या नहीं हैं। मगर फिर भी इससे बचने के लिए मोजे पहनना बेस्ट ऑप्शन है।

मोजे पहनकर सोने के नुकसान...

हाइजीन
पुराने, तंग व गंदे मोजे पहन कर सोने से संक्रमण होने का खतरा अधिक रहता है। इससे पैरों में दबाव होने के साथ खून व ऑक्सीजन ठीक नहीं मिलेगा। साथ ही पैसों से बदबू आने की भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में इस बात का खास ध्यान रखें कि आप जो भी मोजे पहन रहे हैं वो एक दम साफ और सही हो। इसके अलावा कॉटन, कश्मीरी मोजों को भी चुनें।

ब्लड सर्कुलेशन में बांधा
वैसे तो हम आपको पहले ही बता चुके हैं कि मोजे पहनने से ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है। मगर सही जुराबें ना होने से इसका असर विपरीत भी हो सकता है। ऐसे में अगर आप ज्यादा तंग मोजे पहनते हैं तो इससे पैरों में दबाव महसूस होगी। ऐसे में अकड़न होने के कारण खून का प्रवाह को होने का खतरा हो सकता है।

ओवरहीटिंग की समस्या
मोजे ठंड से बचाने का काम करते हैं। मगर इससे इसका विपरीत असर भी होने का खतरा रहता है। असल में, अगर आपके मोजों में हवा नहीं निकलेगी तो इससे ओवरहीटिंग की परेशानी हो सकती है।

# टिफिन सर्विस का बिजनेस शुरू कर कमा सकते हैं लाखों



एजेंसी
साफ–सफाई का खास ध्यान रहे और खाना बनाने से लेकर टिफिन डिलीवरी करने वाला व्यक्ति भी नीट और क्लीन रहे। साथ ही टिफिन बॉक्स में बेहतर क्वालिटी का हो, ताकि थाने के संदर्भ में अच्छी राय बने। टिफिन बॉक्स में खाना पैक करते समय इधर–उधर नहीं गिरना चाहिए।

कोरोनावायरस अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है और इस दौर में कई जमे जमाए बिजनेस और दूसरे प्रोफेशनों की कमर टूट चुकी है। कई लोगों की इस आपदा में नौकरी गई है तो कई लोगों का बिजनेस चौपट हुआ है। सबसे अधिक असर पड़ने वाली इंडस्ट्रीज में, फूड इंडस्ट्री पर निश्चित रूप से बड़ा असर पड़ा है। होटल, ढाबे जहां पर लोग इकट्ठे होकर खाना खाते थे, वहां बिजनेस जबरदस्त ढंग से प्रभावित हुआ है।

पर लोगों की खाना खाने की जरूरतें तो कम नहीं हुई हैं, ऐसे में कई जगहों पर सुरक्षित टिफिन सर्विस एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आ सकता है।

आइए देखते हैं इसकी कहां कहां और किस प्रकार उपयोगिता है और आप इसके जरिए किस प्रकार शुरुआत कर सकते हैं और किस प्रकार कमाई कर सकते हैं।

कारोबार को समझना जरूरी
ध्यान रखने वाली बात यह है कि बिजनेस चाहे कोई भी हो, किंतु उसे समझना एवं प्रबंधित करने का ढंग आपको वास्तविक रूप से उसका फायदा दिलाता है। अगर आप किसी बिजनेस को ठीक ढंग से मैनेज कर पाते हैं तो भारी मुनाफा और अच्छी क्रेडिबिलिटी हासिल कर सकते हैं। आखिर यूं ही तो आईआईएम से बड़े संस्थानों से निकले लोग सब्जी बेचकर या कोई छोटा मोटा रोजगार करके, या फिर खेती करके लाखों नहीं कमाते हैं?

उनके कमाने के उदाहरणों से प्रबंधन के गुणों को सीखना जरूरी है।

कारोबार को प्रबंधित करने से पहले कारोबार को समझना और ग्राउंड वर्क करना जरूरी है। आप जिस भी क्षेत्र में रहते हों, आस पास अगर कोई टिफिन सर्विस चलती है तो उसके पास खुद एक ग्राहक बनकर जाएँ और देखें कि वहां पर किस प्रकार से आपको टिफिन दी जाती है, उसके रेट क्या है, सब्जी इत्यादि की वैरायटी क्या है, अलग–अलग दिनों में वेज और नॉनवेज का कॉम्बिनेशन क्या है?

इतना ही नहीं, खाने की क्वालिटी कैसी है, डिलीवरी की टाइमिंग इत्यादि किस प्रकार से मैनेज किया जाता है, इन सब बातों को जब एक ग्राहक के तौर पर समझने की कोशिश करेंगे, तो आपको इसकी बारीकियां समझ आ जायेंगी।

कस्टमर मैनेजमेंट और मार्केटिंग
यह एक बेहद महत्वपूर्ण फैक्टर है। जब आप एक कारोबार को समझ लेते हैं और ग्राउंड वर्क कर लेते हैं तो आपके सामने बड़ी चुनौती आती है कि कस्टमर आप किस प्रकार से ढूँढें? तो इसके लिए आपको एडवर्टाइजमेंट करना पड़ेगा। इसके लिए आप खुद कैनवा जैसी ऑनलाइन सर्विस का प्रयोग करके अपनी टिफिन सर्विस का बैनर बना लें और व्हाट्सएप पर शेयर करें, खासकर उन कांटेक्ट में, जिस एरिया में आप बिजनेस करना चाहते हैं। शुरुआत में अगर आप के जानकार और आपके परिचित पहले ग्राहक बनते हैं, तो यह सबसे उत्तम होगा। एक तो ऑलरेडी वह आपको जानते हैं और दूसरे शुरू में विश्वास बनाने में आपको आसानी हो जाएगी। यह कार्य व्हाट्सएप पर आप आसानी से कर लेंगे, किंतु सिर्फ जानकारों में आप यह कार्य बढ़ा नहीं पाएंगे।

कारोबार बढाने के लिए आपको पंपलेट छपवाने पड़ेंगे और आसपास के एरिया में डिस्ट्रीब्यूटर करना पड़ेगा। वह हॉस्टल हो सकता है, कंपनी हो सकती है, या कोई लोकलिटी हो सकती है। कस्टमर जब आपके बनने लगेंगे, तो उसको प्रबंधित करने में और क्वालिटी देने में आप चूक ना करें। ध्यान रखें, यह 21वीं सदी है और यहां पर जितनी बेहतरीन क्वालिटी और सर्विस आप देंगे, आपके ग्रो करने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। कम लागत के लिए पहले एकाध कस्टमर से ही शुरू करें, और अनुभव के साथ महीने बाद कारोबार को गति दें।

कुछ अन्य महत्वपूर्ण बातें
1. साफ–सफाई का खास ध्यान रहे और खाना बनाने से लेकर टिफिन डिलीवरी करने वाला व्यक्ति भी नीट और क्लीन रहे। साथ ही टिफिन बॉक्स में बेहतर क्वालिटी का हो, ताकि थाने के संदर्भ में अच्छी राय बने। टिफिन बॉक्स में खाना पैक करते समय इधर–उधर नहीं गिरना चाहिए।
2. मेन्यू अपडेट करते रहें। साथ ही ध्यान रखें कि स्वाद के चक्कर में ऐसा नहीं होना चाहिए कि कस्टमर के हेल्थ से समझौता हो जाए। कल्पना करें कि अगर कोई खाना खाने के बाद कस्टमर का पेट खराब हो जाता है या उसे अन हेल्दी फील होता है तो आप अपने ग्राहक खो देंगे। हां! स्वाद के लिए अपने मैन्यू में आप कोई मिठाई या दूसरी चीजें अपडेट करते रह सकते हैं।
3. कस्टमर के फीडबैक के आधार पर किसी दिन उसकी पसंद का मैन्यू जरूर बना सकते हैं। त्यौहार इत्यादि के दिन पूरी या ऐसी दूसरी लोकल डिश कस्टमर को टेस्ट करा सकते हैं, पर यह कस्टमर के फीडबैक के आधार पर ही होना चाहिए।
4. समय का पालन बहुत जरूरी है। अगर सुबह ब्रेकफास्ट 8रू00 बजे पहुंचाते हैं, तो यह किसी हालत में 8 से लेट नहीं होना चाहिए, बहुत पहले भी नहीं होना चाहिए। समय पर डिलीवरी आपके बारे में एक बेहतरीन राय कायम करेगी। अगर किसी कारण वश देरी होने की सम्भावना है तो व्हाट्सअप या कॉल पर कस्टमर को अपडेट जरूर कर दें।

ध्यान रहे कि यह बिजनेस ना केवल शहर में, बल्कि छोटे–छोटे कस्बों और यहां तक कि गांव तक में चलने लगा है। गांव में कई घरों में बुजुर्ग व्यक्ति होते हैं, जो अकेले होते हैं। उनके बच्चे दूर शहरों में रोजी रोटी के लिए गए होते हैं, तो उनके लिए भी यह बेहद उपयोगी सर्विस है। ऐसे में निश्चित रूप से आपको इससे पुण्य और पैसा दोनों मिल सकता है।

# महिलाएं क्यों करवा रही वर्जिनिटी के लिए सर्जरी ? जानिए क्या है यह ट्रीटमेंट

हमारे समाज में शादी से पहले संबंध बनाना हमारे समाज में सही नहीं माना जाता इसलिए कुंवारापन के नाम पर सदियों से महिलाओं का वर्जिनिटी टेस्ट होता आ रहा है। अगर लड़की इस टेस्ट में फेल हो जाए तो उसके चरित्र पर सवाल खड़े कर दिए जाते हैं जबकि सच्चाई तो यह है कि वर्जनिटी सिर्फ शारीरिक संबंध बनाने से नहीं टूटती। इसके और भी कई कारण हो सकते हैं, जिसके बारे में आज हम आपको बताएंगे।

बिना संबंध बनाए भी डैमेज हो सकते है मेंबरेन
यह गलत धारणा है कि अगर कोई महिला पहली बार संबंध बनाने के दौरान खून बहाती है तो वह कुंवारी है। सिर्फ संबंध बनाने से ही लड़की के मेंबरेन डैमेज नहीं होते। एक्सपर्ट की मानें तो स्पोर्ट्स से ताल्लुक रखने वाली लड़कियों में मेंबरेन डैमेज होने का ज्यादा खतरा रहता है।
. पैर स्ट्रेच करना, हॉर्स राइडिंग, जंपिंग, साइकलिंग या रेसिंग जैसी एक्टिविटी के कारण भी हाइमन ब्रेक हो सकता है। दरअसल, इसमें टांगें काफी स्ट्रैच होती है, जिससे इसका खतरा बढ़ जाता है।
. इसके अलावा मेंस्ट्रुअल कप्स का अधिक इस्तेमाल भी इसका कारण हो सकता है।

महिलाओं में बढ़ रहा रेस्टोरेशन ऑफ वर्जिनिटी का क्रेज
खुद के चरित्र पर उठने वाले सवालों से बचने के लिए आजकल महिलाएं वर्जनिटी रिस्टोर यानि हाइमनोप्लास्टी सर्जरी का सहारा लेने लगी है। ज्यादातर शादी से पहले संबंध बनाने वाली या रेप जैसी घटनाओं की शिकार हुआ महिलाएं इस सर्जरी का सहारा लेती हैं, ताकि शादी के बाद उनके वैवाहिक जीवन में कोई परेशानी ना आए।

सबसे पहले होगी जांच
सर्जरी से पहले महिला की जांच करके यह पता लगाया जाता है कि उनकी सर्जरी होगी या नहीं। इसे प्लास्टिक सर्जरी भी कहते हैं, जो महज आधे घंटा में हो जाती है।

कैसे की जाती है सर्जरी?
सर्जरी में एक तरीके से मेंबरेन को रिकवर करने की कोशिश की जाती है। इसमें देखा जाता है कि योनि में कितना हाइमन या मेंबरेन रह गया है। अगर हाइमन रह जाए तो उसे दोबारा से सिलकर मेंबरेन बनाई जाती है, जिसके लिए थ्रेड का यूज होता है। यह धागे कुछ ही दिनों में ऊतकों के साथ घुल जाते हैं, जिससे कोई नुकसान नहीं होता। अगर हाइमर ना बचा हो तो मेंबरेन टिशूज से इसे दोबारा बनाया जाता है। सर्जरी में महिलाओं को सिर्फ लोकल एनेस्थिसिया दिया जाता है।

सर्जरी से पहले व बाद में रखें इन बातों का ध्यान
सर्जरी के बाद मरीज को सिर्फ आधे से एक घंटे के लिए ही हॉस्पिटल में रखा जाता है, जिसके बाद उन्हें डिस्चार्ज मिल जाता है।
. मगर, सर्जरी से पहले इस बात का ध्यान रखना बहुत जरूरी कि आपको पीरियड्स ना आए हो।
. किसी तरह की इंफेक्शन होने की वजह से भी सर्जरी नहीं हो पाएगी।
. सर्जरी के अगले दो दिन तक भारी–भरकम काम करने से बचें, नहीं तो सर्जरी को नुकसान हो सकता है।
. डॉक्टर सलाह देते हैं कि शादी के चार महीने पहले ही सर्जरी करवाई जाए। हालांकि इसे कभी भी करवाया जा सकता है।
. सर्जरी के बाद महिलाओं को 4–5 महीने तक संबंध बनाने से बचना चाहिए।

क्या प्रेगनेंसी पर पड़ता है असर?
हाइमन ब्रेक होने से कंसीव करने का कोई संबंध नहीं है। वहीं, वर्जिनिटी सर्जरी करवाने के बाद भी महिलाएं बेफ्रिक होकर जब चाहे कंसीव कर सकती हैं। इससे किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं आती।

# जल्द मां बनना चाहती हैं सना ख़ान

## बताया क्यों की अचानक अनस सईद से शादी?

एजेंसी

एक्ट्रेस सना ख़ान ने कुछ टाइम पहले अचानक इंडस्ट्री छोड़ने का एलान कर के सबको हैरान कर दिया है। सना ने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर इस बात का एलान किया था कि वो शोबिज़ की दुनिया हमेशा के लिए अलविदा कह रही हैं। इसके बाद फैंस को दूसरा झटका तब लगा जब उनकी शादी की फोटोज और वीडियोज़ सोशल मीडिया पर अचानक वायरल हुईं। सना के अचानक शादी करने के फैसले ने सबको हैरान कर दिया था। लेकिन एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने अचानक ये दोनों फैसले नहीं किए। उन्होंने अनस से शादी का फैसला अचानक नहीं लिया। ईटाइम्स से बात करते हुए सना ने बताया है कि दोनों की पहली मुलाकात कब और कहां हुई थी। सना ने बताया कि वो अनस से साल 2017 में मक्का में मिली थीं। जिस दिन सना भारत लौट रही थीं उस दिन दोनों की छोटी सी मुलाकात हुई थी, अनस ने सना को बताया था कि वो इस्लामिक स्कॉलर हैं। इसके बाद सना को धर्म से जुड़े कुछ सवाल पूछने थे जिस वजह उन्होंने साल 2018 में अनस से संपर्क किया। इसके बाद इसी साल यानी 2020 में उनकी अनस से फिर से बातचीत हुई। सना ने बताया कि उनके पति मुफ्ती नहीं हैं आलिम हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि अनस से शादी करने का फैसला उन्होंने रातोंरात नहीं लिया। सना ने कहा, 'ऐसा शख्स पाने के लिए मैंने कई साल तक दुआ की है। उनमें जो मुझे चीज़ सबसे ज्यादा पसंद है वो ये कि वो शरीफ हैं और उनमें हया है। वो जजमेंटल नहीं हैं। उन्होंने मुझसे एक बार कहा था कि, 'अगर कोई चीज गटर में गिर गई है तो उसके ऊपर 10 बाल्टी पानी भी डाल दो, वो साफ नहीं होती है। लेकिन उसे गटर से बाहर निकाल कर एक ग्लास पानी डाल दो, वो साफ हो जाती है।' अनस की इस बात ने मुझपर बहुत छाप छोड़ी थी। फैमिली प्लानिंग को लेकर सना बताया कि उनके शौहर जाते हैं कि वो वक्त लें, लेकिन एक्ट्रेस जल्दी मां बनना चाहती हैं। वहीं ट्रोलिंग पर एक्ट्रेस ने कहा कि, 'मैं इंडस्ट्री छोड़ दी और शादी कर ली इस वजह से लोग मेरी पोस्ट पर काफी गंदे कमेंट्स भी करते हैं लेकिन मुझे इस बात से फर्क नहीं पड़ता। मैंने इन ट्रोलर्स के लिए शादी नहीं की है। मेरे पति अच्छे आदमी हैं। मुझे बाकी किसी से फर्क नहीं पड़ता।



# वरुण धवन का खुलासा, गर्लफ्रेंड नताशा दलाल ने तीन बार कही थी ना

एजेंसी

फिल्म अभिनेता वरुण धवन ने करीना कपूर के साथ 'व्हाट विमेन वांट' नामक शो पर बातचीत करने के दौरान खुलासा किया कि गर्लफ्रेंड नताशा दलाल ने उन्हें 'हां' कहने से पहले 3से 4 बार मना कर चुकी थी फिल्म अभिनेता वरुण धवन ने अपने लव स्टोरी से जुड़ी कई यादें शेयर की है। फिल्म अभिनेता वरुण धवन गर्लफ्रेंड नताशा दलाल के साथ दिलो–जान से प्यार करते हैं और वह इस रिश्ते को अब छुपाते भी नहीं है अब यह जोड़ा खुलकर अपने अफेयर को लेकर सामने आ चुका है। दोनों को कई अवसर पर एक साथ देखा गया हैस दोनों साथ में पार्टी करते हैं और इतना ही नहीं दोनों साथ वेकेशन भी मनाते हैं।

अभिनेता वरुण धवन ने इंस्टाग्राम पर नताशा दलाल के साथ कई तस्वीरें भी शेयर की है वरुण धवन जल्द अपनी आगामी फिल्म 'कुली नंबर वन' में नजर आने वाले हैंस इस फिल्म के प्रमोशन के लिए वह करीना कपूर के टॉक शो 'व्हाट विमेन वांट' में नजर आए थे करीना कपूर से बातचीत के दौरान वरुण धवन ने खुलासा किया कि गर्लफ्रेंड नताशा दलाल ने उनका प्रपोजल स्वीकार करने के पहले तीन से चार बार रिजेक्ट कर दिया था लेकिन उन्होंने कभी भी आशा नहीं छोड़ी। अभिनेता वरुण धवन आगे कहते है कि उन्होंने पहली बार नताशा को छठी क्लास में देखा था इसके बाद दोनों 12वीं कक्षा तक बहुत अच्छे दोस्त थे इस मौके पर वरुण धवन ने मंगेतर नताशा दलाल के साथ अपनी खूबसूरत यादें भी शेयर की हैस वरुण धवन ने यह भी खुलासा किया कि वह रेड हाउस में थे और नताशा यलो हाउस में थी वह नताशा को बास्केटबॉल कोर्ट में लंच ब्रेक के समय आते–जाते देखा करते थेस वरुण धवन की फिल्म कुली नंबर वन का निर्देशन डेविड धवन ने किया हैस इस फिल्म में सारा अली खान, परेश रावल और राजपाल यादव की अहम भूमिका है यह फिल्म 25 दिसंबर क्रिसमस के अवसर पर रिलीज होने वाली है।



# पिता संग मुंबई में आईं नजर अनुष्का शर्मा

एजेंसी

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और इंडियन क्रिकेट टीम के कैप्टन विराट कोहली जल्द ही दो से तीन होने वाले हैं। विराट और अनुष्का के घर एक नन्हा मेहमान आने वाला है। इस बात कर जानकारी विराट कोहली ने कुछ वक्त पहले फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर किया था। वहीं प्रेग्नेंसी की खबर सामने आने के बाद अनुष्का की बेबी बंप फ्लांट करती कई तस्वीरों सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। सामने आई तस्वीरों में अनुष्का के फेस पर प्रेग्नेंसी ग्लो को साफ देखा जा सकता है। इसी बीच अब अनुष्का शर्मा का एक वीडियो सामने आया है जो तेजी से वायरल हो रहा है। अनुष्का शर्मा को गुरुवार को मुंबई में पिता के साथ देखा गया। इस दौरान अनुष्का ने लॅान्ग वाइट ड्रेस पहनी हुई थी। इस ड्रेस के साथ उन्होंने ऊपर से डेनिम की जैकेट पहनी हुई थी। साथ ही उन्होंने अपने फेस पर मास्क लगाया हुआ था। वहीं अनुष्का के गाड़ी से उतरने के बाद उनके पिता भी गाड़ी से उतर कर उनके पीछे जाते नजर आए। एक्ट्रेस का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं इस पर लगातार कमेंट्स कर फैंस उनके लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं।वहीं हाल ही में अनुष्का शर्मा की एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें वह सबसे कठिन आसन यानी शीर्षासन करती दिखीं थीं। वहीं इस एक्सरसाइज को करने में उनकी मदद विराट कोहली करते दिखे थे। उन्होंने अभिनेत्री के पैरों को पकड़ा हुआ था ताकि उनका बैलेंस न बिगड़ जाए। इस तस्वीर को शेयर करते हुए अनुष्का ने लिखा था, 'ये हैंड्स–डाउन एक्सरसाइज सबसे मुश्किल एक्सरसाइज में से एक है। मेरी जिंदगी में योगा बहुत अहम है। मैंने प्रेग्नेंसी के दौरान अपने डॉक्टर से योगा के लिए पूछा था तो उन्होंने मुझे कहा था कि मैं ऐसे सभी आसन कर सकती हूं जो प्रेग्नेंसी से पहले करती थी। शीर्षासन के लिए जो मैं काफी सालों से करती आ रही हूं मैं ध्यान रखती हूं कि मैं दीवार का इस्तेमाल करूं सपोर्ट के लिए और हां मेरे पति भी मुझे सपोर्ट करते हैं एक्स्ट्रा सेफ्टी के लिए। यह मैं मेरे योगा टीचर की देखरेख में कर रही थी। मैं बहुत खुश हूं कि प्रग्नेंसी में भी मैं योगा करती रही हूं।'



# सारा अली ख़ान के इस लुक ने दिलाई माधुरी दीक्षित की याद

एजेंसी

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली ख़ान इन दिनों काफी चर्चा में हैं। सारा जल्द ही वरुण धवन के साथ फिल्म 'कुली नंबर 1' में नज़र आने वाली हैं। फिल्म 25 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज़ होगी। लेकिन उससे पहले फिल्म का ट्रेलर और गाने काफी वायरल हो रहे हैं। हाल ही में 'कुली नं. 1' का नया गाना 'मम्मी कसम' रिलीज़ किया गया है। इस गाने में सारा के डांस की तो तारीफ हो ही रही है, वहीं एक्ट्रेस के लुक ने लोगों को बॉलीवुड की डांसिग डीवा यानी माधुरी दीक्षित की याद दिला दी है। दरअसल, सारा ने 'मम्मी कसम' गाने में कष्टा साड़ी (ज्ञौंजं ॅतमम) पहनी है, जिसे देखकर लोगों को माधुरी दीक्षित के गाने के की याद आ गई है। आपको याद होगा 'सैलाब' फिल्म के गाने 'हमको आजकल है इंतज़ार' गाने में माधुरी ने कुछ इसी तरह का लुक रखा था। इसलिए सारा के फैंस उनके इस लुक की तुलना माधुरी दीक्षित से कर रहे है। खबरों की मानें तो सारा अली खान खुद भी माधुरी दीक्षित की फैन हैं। सारा ने माधुरी के इस गाने से ही अपने लुक की प्रेरणा ली है। आपको बता दें कि बॉलीवुड स्टार वरूण धवन और सारा अली खान की कॉमेडी फिल्म 'कुली नंबर 1' क्रिसमस पर यानी 25 दिसंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म को व्ज्ञ च्संजवितउ अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जा रहा है। आपको बता दें कि ये फिल्म साल 1995 में आई गोविंदा और करिश्मा कपूर की फिल्म 'कुली नंबर 1' का रिमेक है। फिल्म में वरूण धवन, सारा अली खान, परेश रावल, जावेद जाफरी, जॉनी लीवर और राजपाल यादव अहम किरदार निभा रहे है। फिल्म को डेविड धवन द्वारा निर्दिशत है।



# तापसी पन्नू ने जो किया, वो कम एक्ट्रेस ही कर पाती हैं

एजेंसी, तापसी पन्नू अपनी आने वाली फ़िल्म रश्मि रॉकेट के लिए जमकर पसीना बहा रही हैं।अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर फ़िल्म की ट्रेनिंग से जुड़े कई वीडियो और फोटो काफी वक़्त से शेयर कर रही हैं। ऐसा ही एक वीडियो उन्होंने ट्विटर एकाउंट से पोस्ट किया है, जिसमें तापसी का जज़्बा नज़र आ रहा है। इसके साथ तापसी ने लिखा है– मैं रश्मि रॉकेट के लिए अपनी लास्ट एथलेटिक ट्रेनिंग खत्म कर रही हूं और इसके साथ ही अपनी जर्नी का वो हिस्सा शेयर कर रही हूं, जो मैं लंबे वक़्त से साझा करना चाहती थी। अगर यह आपका ध्यान खींचता है तो मैं समझूंगी कि ट्रांसफॉर्मेशन के लिए की गई मेहनत सफल हुई। तापसी के इस वीडियो पर कई सेलेब्स ने कमेंट करके उनकी तारीफ़ की। विद्या बालन न लिखा– शानदार। वहीं, सोनाक्षी ने तापसी के लिए चीयर करते हुए उन्हें रॉकेट गर्ल बताया। काजल अग्रवाल ने उनके ट्रांसफॉर्मेशन को फिनोमेनल कहा। तापसी वीडियो में बताती हैं– ये दर्दनाक था। शूट के तीसरे दिन मेरे शरीर ने जवाब दे दिया और में दौड़ नहीं पा रही थी। मुझे इस शूट के लिए रूकना पड़ा ताकि मैं चल सकूं। उन्होंने आगे लिखा कि मुझे इस फिल्म के लिए जिम में बहुत–बहुत मेहनत करनी पड़ी। रश्मि रॉकेट एक ऐसी एथलीट की कहानी है, जो गरीबी व कठिनाइयों को पछाड़ अपनी पहचान बनाती है।रश्मि रॉकेट का निर्देशन आकर्ष खुराना कर रहे हैं। फ़िल्म में तापसी के अलावा प्रियांशु पेनयुली और अभिषेक बनर्जी अहम किरदारों में दिखेंगे। इस फ़िल्म में अपने एथलेटिक कैरेक्टर के लिए तापसी काफी मेहनत कर रही हैं, जो फोटो और वीडियो में नज़र आ रही है। फ़िल्म अगले साल रिलीज़ होगी। तापसी ने अपनी फ़िल्मों और दमदार किरदारों के ज़रिए अपनी अलग पहचान बनायी है। पिंक, मुल्क के बाद इस साल आयी अनुभव सिन्हा की फ़िल्म थप्पड़ के ज़रिए तापसी ने एक मजबूत संदेश दिया। तापसी की आने वाली फ़िल्मों में रश्मि रॉकेट के अलावा हसीन दिलरुबा और लूप लपेटा शामिल हैं। लूप लपेटा साल 1998 में आई जर्मन फ़िल्म रन लोला रन का रीमेक है।



# आदित्य पंचोली और ज़रीना वहाब ने जिया ख़ान की मां के ख़िलाफ़ बाम्बे हाई कोर्ट में दायर की याचिका

एजेंसी, बॉलीवुड एक्टर आदित्य पंचोली और ज़रीना वहाब ने जिया ख़ान की मां राबिया ख़ान के ख़िलाफ़ बॉम्बे हाई कोर्ट की शरण ली है। सेलेब्रिटी कपल ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके राबिया को उनके ख़िलाफ़ मान–हानि करने वाली टिप्पणियां करने से रोकने की मांग की है। 2011 से 2015 के बीच बॉम्बे हाई कोर्ट ने राबिया को तीन बार पंचोली परिवार के ख़िलाफ़ अपमानजनक टिप्पणियां ना करने का आदेश दिया था। 2017 में राबिया ने बॉम्बे हाई कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत होकर कोई प्रेस रिलीज़ जारी ना करने और इंटरव्यू ना देने की बात कही थी। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, पंचोली परिवार के लॉयर प्रशांत पाटिल की ओर से बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की गयी है, जिसमें उन्होंने कई यू–ट्यूब चैनलों के लिंक, संबंधित समाचारों की कतरनें और सोशल मीडिया पोस्ट को शामिल किया है। याचिका में यह भी कहा गिया है कि राबिया ने फाइट फॉर जिया नाम से एक ट्विटर एकाउंट बनाया है, जिसके 22 हज़ाप फॉलोअर्स हैं, जिनसे आपत्तिजनक ट्वीट किये जा रहे हैं। याचिका में कहा गया है कि राबिया उनके क्लाइंट के ख़िलाफ़ आपत्तिजनक भाषा और भद्दी टिप्पणियों का इस्तेमाल कर रही हैं। इस याचिका पर अगले महीने सुनवाई होने की उम्मीद है। बता दें, निधन से पहले जिया बॉलीवुड फ़िल्मों की उभरती हुई अभिनेत्री थीं। उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ निशब्द, आमिर ख़ान के साथ गजनी और अक्षय कुमार की फ़िल्म हाउसफुल में काम किया था। जिया का मृत शरीर 2013 में उनके आवास पर पंखे से लटका मिला था। सीबीआई जांच में जिया की सुसाइड की पुष्टि हुई थी, मगर उनकी मां राबिया का आरोप है कि उनका मर्डर हुआ है। इस मामले में आदित्य पंचोली के बेटे सूरज पंचोली मुख्यारोपी हैं, जो कथित तौर पर उस दौरान जिया को डेट कर रहे थे। 2018 में मुंबई की एक अदालत ने सूरज पर आत्म–हत्या के लिए उकसाने के आरोप चार्ज किये थे। यह मामला अभी चल रहा है।



हिन्दी दैनिक
मरियम टाइम्स

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक कलीमउल्ला फ़ारूकी ने सांई प्रिंटिंग प्रेस , 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ (उत्तर प्रदेश) से छपवाकर 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित किया।

सम्पादकः
आसिया जैदी

मो0– 9838040912

e-mail:
mariyamtimes86@gmail.com

RNI No - UPHIN/2015/63817

समाचार पत्र से सम्बन्धित समस्त प्रकार के विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ न्यायालय मान्य होगा।